हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 10 मार्च 2026



# वनांचल में दो शेर की चहल कदमी से ग्रामीण सहमे, खोज में जुटा विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

एमएमसी जिले के जंगल से नक्सलवाद की समाप्ति के बाद जंगली-जानवरों के साथ-साथ अब जंगल के राजा शेर की स्वतंत्र चहल-कदमी सामने आई है। औंधी क्षेत्र के नवागढ़ घोटिया कक्ष क्रमांक के 1080 में टाइगर द्वारा एक बछिया के शिकार किए जाने और ट्रैक कैमरा में कैद होने के सिलसिले के बीच बीते 27 फरवरी से एक और बाघ की चहल कदमी और शिकार की वारदात सामने आई है। जिले के अंदरूनी औंधी क्षेत्र में बीते 3 महीनों के भीतर दो-दो शेर की चहल कदमी की पुष्टि के साथ डीएफओ दिनेश पटेल के निर्देश में शेरों से आम ग्रामीणों को सतर्क रहने और जंगल के राजा को सुरक्षित विचरण के लिए फॉरेस्ट अमला फरमान जारी किए हुए है। उल्लेखनीय कि मानपुर विकासखंड के औंधी तहसील के नवागढ़ सर्किल मे बीते तीन माह पूर्व ग्रामीणों की सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम को एक खूंखार वन्य जीव शेर की चहल-कदमी की खबर के साथ-साथ एक बछिया के शिकार करने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही डीएफओ दिनेश पटेल के निर्देश में वन अमला एक्टिव हुआ। मौका मुआयना के दौरान घटनास्थल से शिकार किया गया। मृत गाय के साथ शेर का पद चिन्ह बरामद किया गया। फॉरेस्ट विभाग ने बाघ के आमद वाले क्षेत्र में एहतियात बरतते हुए आम ग्रामीणों को एक-दूसरे के संघर्ष के लिए सतर्कता के साथ ही टाइगर से किसी प्रकार से छेड़छाड़ ना करने और अकेले जंगल नहीं जाने की हिदायत दी जा रही थी।

⏩ शेष पेज 12 पर

## फॉरेस्ट बल ग्रामीणों को कर रहा है सतर्क, शेर की सुरक्षा में विभाग

### बैल और किसान पर हमला

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बीते 27 फरवरी से औंधी तहसील के अंदरूनी हिस्से में दूसरे नंबर के शेर ने अपने विचरण के साथ-साथ तीन पालतू पशुओं का शिकार कर चुका है। 6 मार्च शुक्रवार दोपहर एक बैल पर हमला करने के बाद शाम करीब पांच बजे खेत में काम कर रहे एक किसान पर बाघ ने झपट्टा मार दिया। किसान ने सूझबूझ दिखाते पास के पेड़ पर चढ़कर किसी तरह अपनी जान बचाई है।



### लगाए गए ट्रैप कैमरे

वनमंडलाधिकारी दिनेश पटेल ने हरिभूमि को बताया कि जिले में दो-दो बाघ की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। दूसरे नंबर का यह बाघ जिले की वांछित जंगल से निकलकर अबादी क्षेत्र में पहुंचा है। बाघ की पहचान के लिए ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। हालांकि अभी तक स्पष्ट तस्वीर या पगमार्क नहीं मिल पाया है।

### विभाग ने झोंकी ताकत

जिले में जंगली हाथियों के दंगल के साथ-साथ तेंदुआ, भालू, जंगली सूअर, लोमड़ी, लकड़बग्घा का आबादी में विचरण के साथ-साथ इनके द्वारा शिकार करने की खबरें मिलती रहती है। इस बार औंधी क्षेत्र के नवागढ़ बाघडोगरी क्षेत्र में 3 महीने के भीतर दो-दो शेर होने की पुष्टि हुई है। डीएफओ दिनेश पटेल के निर्देश में जान-माल की रक्षा के लिए वन विभाग की तरफ से सतर्कता बरतने मुनियादी करने के साथ-साथ हर हाल में शेरों को जंगल में स्वतंत्र रखने फॉरेस्ट अमले ने पूरी ताकत झोंक दी है।

### आयुष्मान योजना: तीन सालों के भीतर कई प्रकरण हुए रिजेक्ट

# निजी अस्पतालों के दस हजार क्लेम रिजेक्ट, 14 करोड़ का भुगतान अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना के तहत जहां लोगों को सालभर में पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाती है। वहीं कई निजी अस्पताल इस योजना का अनुचित लाभ भी उठाने की कोशिश करते हैं। यही कारण है कि हर साल निजी अस्पतालों के सैकड़ों-हजारों क्लेम को रिजेक्ट कर दिया जाता है। जिले में ही पिछले तीन साल के दौरान 14 करोड़ रुपए के दस हजार क्लेम रिजेक्ट किए जा चुके हैं। हालांकि इन क्लेम को रिजेक्ट किए जाने के पीछे अलग-अलग कारण होना बताए जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि एक तरफ जहां निजी अस्पताल लंबित भुगतान को लेकर अपनी चिंता जाहिर कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर अब सामने आए आंकड़ों के अनुसार इन अस्पतालों द्वारा हर साल कई ऐसे इलाज के क्लेम किए जा रहे हैं, जो पोर्टल द्वारा रिजेक्ट कर दिए जा रहे हैं। ऐसी शिकायतें भी जिले में सामने आती रही है, जब मरीजों से पैसे लेने के बाद भी आयुष्मान के तहत क्लेम किए गए हो या फिर मरीज का आयुष्मान के तहत इलाज के बावजूद उनसे दवा या बेड के नाम पर पैसे लिए गए हो।




**पांच लाख तक का इलाज मुफ्त:** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना भारत सरकार की एक स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो गरीब और कमजोर परिवारों को प्रति परिवार प्रतिवर्ष 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराती है। यह योजना सरकारी और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में माध्यमिक और तृतीयक देखभाल के लिए कैशलेस सेवाएं प्रदान करती है। जिससे चिकित्सा खर्च का बोझ कम होता है।

### निजी से अधिक सरकारी अस्पतालों के क्लेम रिजेक्ट

जिले में निजी अस्पतालों से अधिक सरकारी अस्पतालों के क्लेम रिजेक्ट किए गए हैं। संख्या अनुसार तीन साल में जहां निजी अस्पताल के 2459 क्लेम रिजेक्ट किए गए हैं।वहीं सरकारी अस्पताल के 7835 क्लेम रिजेक्ट किए गए हैं। हालांकि राशि के मामले में निजी अस्पताल आगे है। निजी अस्पताल के रिजेक्ट क्लेम की राशि 9.20 करोड़ के करीब है। वहीं सरकारी अस्पताल की 4.85 करोड़ रुपए की राशि रिजेक्ट की गई है।

### 64 अस्पताल पंजीकृत

मिली जानकारी के अनुसार जिले में कुल 64 अस्पताल आयुष्मान योजना के तहत पंजीकृत है। इनमें 34 सरकारी एवं 30 निजी अस्पताल शामिल हैं। इन अस्पतालों द्वारा 2023-24 में कुल 60886 क्लेम किए गए थे। जिनमें 1.83 करोड़ रुपए के 1048 क्लेम रिजेक्ट कर दिए गए थे। ऐसे ही वर्ष 2024-25 में कुल 67545 क्लेम में से 5.97 करोड़ के 3015 एवं मौजूदा वर्ष में कुल 65706 क्लेम में से 6.30 करोड़ के 6231 क्लेम रिजेक्ट किए गए हैं।

### देर से एंट्री कारण

बताया गया कि आयुष्मान योजना के तहत इलाज करने वाले निजी अस्पतालों को तय समय-सीमा के भीतर केस की एंट्री पोर्टल में करनी होती है। उस एंट्री में देरी होने या कगजात अधूरे प्रस्तुत किए जाने पर योजना के तहत उनके दावे को खारिज कर दिया जाता है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फर्जी क्लेम और क्लेम से ज्यादा राशि की बिलिंग कई मामले प्रदेशभर में सामने आए हैं। सरकार इन सभी क्लेम की ऑडिट करा रही है। ऑडिट क्लीयरेंस के बाद ही इन मामलों में भुगतान किया जाएगा।

# अवैध संबंध के शक पर हत्या, दो नाबालिग सहित 8 आरोपी 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

गांव की महिला मजदूर के साथ अवैध संबंध की शंका और गांव बिगाड़ने का आरोप लगाकर बिल्डिंग ठेकेदार की हत्या करने वाले आधा दर्जन आरोपियों को पुलिस ने घटना के 12 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि मामले में दो नाबालिकों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी अनुसार रविवार रात किल्लापारा निवासी तुलाराम पिता कार्तिक पटेल बिल्डिंग ठेकेदारी में काम करने वाली महिला मजदूर को छोड़ने गाड़ाडीह गया था।




इससे पहले भी कई बार काम में देरी होने पर वो महिला को छोड़ने गांव जाता था। रविवार को भी शाम को तुलाराम महिला मजदूर को छोड़ने गांव गया था। उसी दौरान चौक में खड़े कीर्तन उर्फ मुन्ना 35 साल और उसके सगे भाई समय पिता पल्टू यादव 45 साल, आशीष उर्फ बोदू पिता अगनू यादव 42 साल, रूपलाल पिता सुरेश वर्मा 26 साल, पल्टन पिता भारत वर्मा 60 साल, पवन पिता बंजू वर्मा 35 साल सहित साथ ही दो विधि से संघर्षरत बालकों ने महिला के साथ अवैध संबंध की शंका जाहिर करते उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। मारपीट के दौरान सभी कह रहे थे कि तुम्हारी हरकत के कारण पूरा गांव का वातावरण प्रभावित हो रहा है। जिसके चलते ही आरोपियो द्वारा हत्या की वरदात को अंजाम दिया गया। हालांकि सभी आरोपी अब पुलिस गिरफ्त में है।

### गंभीर चोंटो से गई जान

मारपीट से तुलाराम के शरीर में कई जगह चोंट पहुंची। वहीं अंदरूनी चोंट के चलते अस्पताल लाने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। थाना में दर्ज मर्ग क्रमांक 29/2026 धारा 194 बीएनएस की जांच के दौरान पाया गया कि मृतक तुलाराम पिता कार्तिकराम पटेल बिल्डिंग ठेकेदारी का कार्य करता था। घटना तारीख को वह महिला मजदूर को छोड़ने गांव गया था, जहां आधा दर्जन से ज्यादा आरोपियों ने एकराय होकर उसके साथ मारपीट की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 107/2026 धारा 103-2, 190, 191-1, 191-2 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपराध करना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार न्यायिक रिमांड पर भेजने की कार्रवाई की गई।

INTERVIEW
अतिशीघ्र आवश्यकता है
11,12,13 March 2026
समय : सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
5 पद- ड्राइवर पुरुष
2 पद - कंप्यूटर ऑपरेटर महिला पुरुष
30 पद - सिक्योरिटी गार्ड महिला
30 पद - सिक्योरिटी गार्ड पुरुष
30 पद - फूड पैकिंग कंपनी के लिए महिला एवं पुरुष
वेतनमान अनुभव के आधार पर
योग्यता-10वीं पास, 22 उम्र से 35 वर्ष सभी पदों के लिए
फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट कैंपस
इंदिरा गांधी स्कूल, भिलाई, जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़-490023

**0 राजनांदगांव।** मार्च माह में होली पर्व के बाद गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। शुरूआत से ही तेज गर्मी पड़ने लगी है।

# दुकान में चोरी, आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

किराना दुकान का ताला तोड़कर गल्ले से नगदी रकम चोरी करने के मामले की जांच करते चिचोला पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी राजेश साहू 42 साल निवासी ग्राम झंडातलाब ने पुलिस चौकी चिचोला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 8 मार्च के मध्यरात्रि में उसके किराना दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखे पैसे करीब 14400 रुपए को चोरी कर लिया। प्रार्थी के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्व अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देशन पर चौकी प्रभारी चिचोला योगेश पटेल व स्टाफ द्वारा आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था। पता तलाश के दौरान ग्राम झंडतलाव के ही संदेही राकेश यादव 22 वर्ष को कड़ाई से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया एवं चोरी की रकम 14400 रुपए अपने पैंट के जेब से निकालकर पेश करने पर विधिवत समक्ष गवाहों के बरामद किया गया।

### आरोपी पर कार्रवाई

आरोपी राकेश यादव 22 वर्ष को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय डोंगरगढ़ के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक योगेश पटेल, सहायक उपनिरीक्षक मो. शरीफुददीन शेख, बिरेन्द्र नाविक, प्रधान आरक्षक हरणलाल जगनीत, आरक्षक विष्णुराम साहू, कमलेश बंजारे का कार्य सराहनीय रहा है।

### ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर जताई अपनी आपत्ति

# फूड पार्क के लिए भू-अर्जन, अब यूरिया या गैस प्लांट का प्लान, ग्रामीणों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फूड पार्क की स्थापना के लिए किसानों से जमीन क्रय किए जाने के बाद यहां यूरिया प्लांट लगाने की तैयारी के मामले को लेकर आज घुमका तहसील क्षेत्र के ग्राम बिजेतला से ग्रामीण कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे। स्थानीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर आपत्ति जताई।



वर्ष 2018 में ग्राम बिजेतला क्षेत्र में औद्योगिक प्रयोजन हेतु फूड पार्क की स्थापना के लिए उद्योग संचालनालय रायपुर के पक्ष में जमीन क्रय करने अनुमति प्रदान की गई। इसके बाद यहां फूड पार्क का निर्माण नहीं हुआ। वहीं ग्रामीणों को जानकारी मिली कि यहां पर गेल कंपनी द्वारा यूरिया प्लांट लगाया जाएगा। इसके बाद इस मामले में अपना विरोध दर्ज करने के लिए बिजेतला के ग्रामीण कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर यूरिया प्लांट लगाए जाने का विरोध किया।

**ग्रामीणों को काम देने मांग:** क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ पहुंची स्थानीय विधायक हर्षिता बघेल ने कहा कि फूड पार्क के लिए किसानों से भू-अर्जन किया गया, लेकिन यहां यूरिया प्लांट लगेगा, कहा गया। वहीं उन्होंने कहा कि अब जानकारी मिल रही है कि यहां पर गैस प्लांट लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को चिंता है कि इस प्लांट से क्षेत्र का वातावरण खराब होगा और फसलें प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि हमने कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर ग्रामीणों को यहां काम देने, मुआवजा देने और वातावरण प्रभावित नहीं होने की गारंटी मांगी है।

### कृषि को नुकसान का भय

बिजेतला के ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में कहा कि घुमका तहसील के बिजेतला में भूमि क्रय नीति 2016 के तहत औद्योगिक प्रयोजन फूड पार्क की स्थापना हेतु कृषकों से भूमि क्रय किया गया था। वर्तमान में उपरोक्त क्रय किए हुए भूमि पर गेल कंपनी द्वारा यूरिया प्लांट लगाया जा रहा है। जिससे क्षेत्र एवं गांव के किसान परेशान और आक्रोशित हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यूरिया प्लांट लगाने से क्षेत्र में प्रदूषण फैलेगा एवं कृषि योग्य जमीन को नुकसान होगा। वहीं कृषि प्रभावित होगी।

### ग्रामीणों ने लगाई आपत्ति

बिजेतला के ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग करते कहा कि किसानों से औद्योगिक प्रयोजन फूड पार्क की स्थापना हेतु भूमि क्रय किया गया था। जिसमें गेल कंपनी द्वारा यूरिया प्लांट लगाया जा रहा है। जिसमें ग्रामवासियों को आपत्ति है, जिसे निरस्त किया जाए।



## खबर संक्षेप




### दो दिवसीय लोक कला महोत्सव आयोजित

**डोंगरगढ़।** शिवपुरी बल्देव टोला में आयोजित दो दिवसीय लोक कला महोत्सव में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुई। उनके पहुंचने पर आयोजकों ने उनका स्वागत किया। विधायक कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बचाने का काम किया। जगह-जगह रामायण प्रतियोगिता एवं लोककला महोत्सव कराया गया। सरकार ने राजीव मितान क्लब गठित कर हर साल एक लाख देना शुरू किया था जिससे युवा विविध आयोजन करते थे। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंचराम चंदेल, पूर्व अध्यक्ष सुरेश सिंह, हरक पटेल, ईश्वर नेताम, घनश्याम साहू, अभिषेक सेन, ढालू मौजूद थे।

## महिला दिवस पर विविध क्षेत्रों में सक्रिय महिलाओं का सम्मान, योगदान को सभी ने सराहा

# हर क्षेत्र में महिलाओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

नगर में महिला बाल विकास विभाग ने महतारी सम्मेलन तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया। स्थानीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मेलन का संयोजन प्रभारी अधिकारी लक्ष्मी सोनकर ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां दुर्गा एवं मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया। राजकीय गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिपं सभापति जागृति यदु, जनपद अध्यक्ष रंजीता पड़ौती, अंजू त्रिपाठी, मनीष साहू आदि शामिल हुए।

### विभाग की किरकिरी

जनप्रतिनिधियों सहित अन्य को आमंत्रित करने जो आमंत्रण पत्र भेजा गया था उससे महिला एवं बाल विकास विभाग की जमकर किरकिरी हुई है। पैसा बचाने के फेर में सफेद पेपर में कम्प्यूटर से टाइप आमंत्रण भेजा गया था जिसे लेकर काफी तीखी प्रतिक्रिया देखने मिला।

### कसौटी में खरी उतरी महिलाएं

जिपं सभापति श्रीमती यदु ने कहा कि जब भी महिलाओं को मौका मिला है, उन्होंने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध किया है। महिलाएं पूरी कुशलता के साथ समाज और राष्ट्रहित में कार्य कर रही हैं। जनपद अध्यक्ष श्रीमती पड़ौती ने केन्द्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



### अब घरों तक सीमित नहीं

महतारी सम्मेलन में श्री गांधी ने कहा कि अब समय बदल चुका है और महिला घर तक सीमित न रहकर समाज और राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे रही है। शासन की महतारी वंदन योजना से महिलाओं को न केवल आर्थिक संबल मिला है, बल्कि उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है।

### जनप्रतिनिधियों सहित अन्य महिलाओं का सम्मान

स्वागत उद्बोधन प्रभारी अधिकारी लक्ष्मी सोनकर ने दिया। इस मौके पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं सहित जनप्रतिनिधियों, सेक्टर पर्यवेक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को शॉल, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रामकुमार गुप्ता, योगेश पटेल, मनीष साहू, डिकेश साहू, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, जागेश्वर यदु, विवेक रामटेके, गुलशन हिरवानी, पद्मिनी ठाकुर, गायत्री यादव, निर्मला मालेकर, जया साहू, रेशमा साहू, दीपकबाई पटेल, ममता पटेल, हीना जैन, महेश्वरी गंजीर सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

## महिलाएं युगों से वंदनीय : अनिल

**अंबागढ़ चौकी।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगर की श्रमवीर वीरांगना का सम्मान किया। अध्यक्ष ने नगर को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता दीदियों के योगदान को नमन करते हुए कहा कि दीदियां जो काम कर रही है इसके लिए नगरवासी सदैव उनके ऋणी रहेंगे।

महिला दिवस के अवसर पर ब्लाक मुख्यालय में विकासखंड स्तरीय महतारी सम्मेलन का आयोजन कर आगनंबाडी कार्यकर्ता, सहायिका एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। टाउनहाल में आयोजित महतारी सम्मेलन में जिला भाजपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, एसडीएम डॉ हेमेन्द्र भुआर्य सहित अन्य शामिल हुए। समारोह में मातृशक्तियों को प्रषस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



### महिलाएं किसी से कम नहीं: अनिल

अध्यक्ष मानिकपुरी ने कहा कि महिलाएं किसी से कमजोर नही है। महिलाओं ने सबला बनकर हर क्षेत्र में पुरूषों को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने ने कहा कि हमारी संस्कृति में महिलाएं सदैव पूज्यनीय रही है और सदैव पूजी जाती रहेगी।

### दीदियों को भेंट में दिया साड़ी

नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने दो दर्जन से अधिक स्वच्छता दीदियों तथा प्रत्येक शनिवार को श्रमदान करने वाली विभिन्न वार्डों की मातृशक्तियों को साडी भेंटकर सम्मानित किया।

## विद्यार्थियों को किया जागरूक



**जालबांधा।** नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन तथा संजय देवांगन के निर्देशन में मिशन वात्सल्य, मिशन शक्ति एवं सखी सेंटर की जानकारी देने एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भारती चौबे, सखी सेंटर की अर्चना आदि शामिल हुए। शुरुआत में श्रीमती चौबे ने मिशन वात्सल्य की जानकारी देते हुए बताया कि यह एक केंद्र सरकार की योजना है, जिसका उद्देश्य अनाथ बच्चों की सुरक्षा, कल्याण एवं पुनर्वास प्रदान करना है। जिसके अंतर्गत 18 वर्ष तक के बच्चों को सहायता दी जा सकती है। इसके तहत असहाय बच्चों के पालन-पोषण हेतु प्रतिमाह 4000 रुपए तक दिया जाता है। सखी सेंटर की अर्चना ने सखी सेंटर की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि यह हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एक ही स्थान पर आपातकालीन सेवा प्रदान करने वाला केंद्र है। इस सेंटर में महिलाओं को हिंसा एवं संकट के समय विभिन्न सहायता दी जाती है। संचालन वासु दुबे एवं आभार प्रदर्शन पूजा देवांगन ने किया। इस दौरान डॉ नवीन राजपूत, रितेश बंजारे, रवि प्रकाश चतुर्वेदी, मासूम वर्मा, साधना देवांगन, अंजलि रामटेकर, नेमू साहू, अश्विन गौतम, शिवम वैष्णव आदि मौजूद थे।

## हाईवा की ठोकर से बाल बाल बचे शिक्षक दम्पति

### कार के उड़े परखच्चे, मुरूम परिवहन में लिप्त हाईवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

घिरघोली- भोरमपुर के मध्य रविवार को हाईवा ने कार का ठोकर मार दिया। इस घटना में के कार के परखच्चे उड़ गए किन्तु सवार शिक्षक दम्पति की जान बच गई।

जानकारी अनुसार सड़क अतरिया निवासी शिक्षक दम्पति दिलीपसिंह पुडेटी एवं कल्पना सिंह कार क्रमांक सीजी 08 बीजी 4092 से राजनांदगांव से घर लौट रहे थे। शाम करीब सात बजे भोरमपुर- घिरघोली के मध्य साखा चौक पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रही हाईवा सीजी 08 एसी 8811 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को जोरदार ठोकर मार दिया। घटना के बाद मौके पर हाय-तौबा मच गया। कार में सवार शिक्षक दम्पति वाहन के अंदर फंस गये थे जिन्हे जैसे तैसे बाहर निकाला गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने तत्काल छुईखदान पुलिस को घटना की जानकारी दिया।




### आवागमन बाधित

हाईवा के पलटने से करीब आधा घंटा से ज्यादा समय तक आवागमन बाधित रहा। हाईवा को दो जेसीबी के माध्यम से हटाया गया तब कहीं जा कर आवागमन बहाल हुआ। छुईखदान पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 ए के तहत कार्यवाही की है।

### अवैध मुरूम से भरा था हाईवा में

ग्रामीणों ने बताया कि वाहन में अवैध मुरूम भरा था। लोगों ने बताया कि शाम होते ही क्षेत्र से मुरूम का खनन एवं परिवहन शुरू हो जाता है। चालक पकड़े जाने के डर से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हैं।

### शिक्षक दम्पति की बची जान

इस सड़क दुर्घटना में शिक्षक दम्पति की जान बाल बाल बची। मौके पर उपस्थित लोगो ने बताया कि हाईवा चालक की लापरवाही से यह घटना हुई। वाहन चालक मौके के काफी दूर से वाहन को काफी तेज रफ्तार में लहराते हुए चला रहा था। वाहन की चाल को देखकर कार चालक ने वाहन को सड़क किनारे खड़ा किया ही था कि हाईवा ने जोरदार ठोकर मार दिया। कार के ऊपर, सामने तथा किनारे का हिस्सा पिचक गया। शिक्षक दम्पति की कमर, गर्दन, पीठ, सिर, हाथ सामान्य चोट लगने की जानकारी मिली है।

## दो वन्य जीव तस्कर पकड़ाए

**साल्हेवारा।** वन विभाग ने वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत के निर्देशन में वन परिक्षेत्र साल्हेवारा में बड़ी कार्रवाई करते हुए जंगली सुअरों के अवैध परिवहन में लिप्त तस्करों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार गत 5 मार्च को वन विभाग की टीम ने सतर्कता और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए स्कार्पियो वाहन क्रमांक एमएच 35 पी 1022 को रोककर जांच की। जांच के दौरान वाहन में दो नग जंगली सुअर का अवैध परिवहन करते हुए पाया गया। वन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को जब्त कर लिया और मौके से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मंगल तिल्लासी वल्द अंजोर तिल्लासी तथा हर्षदीप वल्द जगदीश चव्हान शामिल हैं। विभाग ने आरोपियों के विरुद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 50, 51, 39 एवं 48A के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें माननीय न्यायालय छुईखदान में प्रस्तुत किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए विद्वान न्यायाधीश ने दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेते हुए सलोनी जेल भेजने का आदेश पारित किया।



### कार्रवाई में यह थे शामिल

इस कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी दिलीप बंजारी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कुंभलाल वर्मा, वनरक्षक सोनल पांडे, बिरसिंग नायक, जागेश्वर तिर्की, भारत यादव, भुखऊ यादव शामिल थे।

## कूप संरक्षण के नाम पर गड़बड़ी

- मामले पर पर्दा डाल रहे वन अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

बांस खत्म होने के बाद अवैध कटाई पर अंकुश लगाने और कूप के संरक्षण के नाम पर राशि के दुरूपयोग का मामला सामने आया है। वन विभाग के डिपो में बांस की किल्लत है जबकि कलकसा नाले के पास बांस का संग्रहण कर बेचा जा रहा है। कच्चे बांस की अवैध बिक्री को लेकर वन विभाग गंभीरता नहीं दिखा रहा है। जानकारी के अनुसार डिपो के अलावा जंगल से अवैध रूप से लाए गए बांसो को खपाया जा रहा हैं। व्यापारी द्वारा बांस को किसानों के खेत से लाकर बेचना बताया जा रहा है। वन अधिकारियों ने अब तक किसानो के खेत से लाए गए बांस की मौके पर जाकर जांच कर पुष्टि नहीं किया है।



### किसान का खुलासा नहीं

जानकारी के अनुसार व्यापारी द्वारा वन विभाग की सांठगांठ से जंगलों के अवैध बांसो को खपाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में किसी भी किसानो के खेत में इतने बडे पैमाने में बांस की खेती की जानकारी सामने नहीं आई हैहैं। इस मामले को लेकर वन विभाग की एसडीओ पुर्णिमा साहू ने बताया कि कलकसा के पास व्यापारी द्वारा बेचे जा रहा बांस किसनो के खेत का है। उसके पास कागजात भी है। वहीं वन विभाग के अधिकारी को उस व्यापारी का नाम और फर्म भी नही मालूम है।

## मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**राजनांदगांव।** कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर देश की प्रगति और उन्नति में सहभागी सभी मातृशक्तियों को शुभकामनाएं कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव द्वारा दिया गया। लखपति दीदी कार्यक्रम की चर्चा भी की गई। मनीष कुमार सिंह द्वारा महिलाओं को मृदा स्वास्थ, जैविक खेती एवं टिकाऊ खेती पर जोर देने की बात कही गई। आशीष गौरव शुक्ला द्वारा प्राकृतिक खेती के बारे में चर्चा की। जितेन्द्र मेश्राम द्वारा उन्नत खेती की तकनीक एवं मशरूम खेती की तकनीक के बारे में चर्चा हुआ। कार्यक्रम के अंत में महिला कृषकों की भागीदारी को सराहा गया।

## लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

वार्ड 23 में वार्डवासियों की मांग की स्वीकृति के बाद भूमिपूजन किया गया। पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने डिपरपारा स्थित 12 ज्योतिर्लिंग भगवान की पूजा अर्चना कर विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। बताया जाता है कि पार्षद सुमित ताम्रकार एवं पूर्व पार्षद शालिनी ताम्रकार के प्रयासों से कार्य की स्वीकृति मिली है जिसमें डबरी के चारों ओर नाली निर्माण, गज्जी लोहार के घर के सामने रोड निर्माण, स्व.भुवन यादव के घर से नाला तक रोड निर्माण, डबरी में सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति शामिल है। इस अवसर पर मंडल भाजपा अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना, उमा महेश वर्मा, अमित जैन, विनय बंसल, विनीत यादव, सुमित मिश्रा, लक्ष्मीबाई, सौहाद्र सिन्हा, नीता परिहार ,गायत्री धुर्वे, श्रीमती विजयवार, रिकीराम ठाकुर, सुभाष धनुरकर, प्रकाश धनुरकर, श्रीचंद यादव, खेदुलाल उइके, नारद पटेल, पंचू यादव, बोधी साहू, धरमदास साहू, बीके सहारे, कमलेश विजयवार, चंद्रशेखर विजयवार, सचिन वर्मा, पवन वर्मा, नंद वर्मा, गोविंद सोनी, राजेश वर्मा, नरेंद्र वर्मा, मिथलेश उइके, महेश यादव, हेमंत मांडवी, विकास सहारे, राजकुमार पटेल, राजू पटेल, राजेश गोस्वामी, मुन्ना काका, गणेश यादव, शेखर विश्वकर्मा, अक्षय यदु आदि उपस्थित थे।



### शैलदेवी शर्मा का निधन

**डोंगरगढ़।** एक बत्ती पांच रास्ता निवासी शैलदेवी शर्मा पति भुनेश्वर प्रसाद शर्मा का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर परिजनों सहित सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।



**न्यायालय तहसीलदार लालबहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**:: ईश्तहार::**

रा.प्र.क्र.202602094500036-ब / 121-वर्ष 2025-26

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका लक्ष्मीबाई सतनामी पति ईतवारी राम जाति सतनामी निवासी ग्राम पिनकापार तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम पिनकापार पटवारी हल्का नं0 36 में स्थित अपने नाम की कृषि भूमि खसरा नं0 267, 270/2 रकबा 0.372, 0.648 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। किन्तु खसरा नं0 270/2 रकबा 0.648 हेक्टेयर भूमि आन लाईन रिकार्ड में नक्शा बटांकन नही हुआ है। आन लाईन रिकार्ड में नक्शा बटांकन नही होने के कारण कृषि कार्य करने में परेशानी हो रही है। आवेदिका द्वारा खसरा नं0 270/2 का ऑन लाईन नक्शा बटांकन किये जाने बाबत आवेदन पत्र, बी-1 ऋण पुस्तिका की छायाप्रति पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 16.03.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि में आपत्ति प्राप्त नही होने के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी तहसीलदार
लालबहादुर (नगर)

## ड्यूटी में लापरवाही, फिर भी पूरे वेतन का भुगतान

- शिक्षा विभाग में चल रहा बड़ा खेल, भवन संधारण की आड़ में फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

खेल स्पर्धा, शिक्षकों की ट्रेनिंग, बिना सर्विस जांच के शिक्षकों को पूरा वेतन भुगतान एवं मेडीकल क्षति पूर्ति राशि, पीएफ आहरण में कमीशन खोरी का मामला सामने आया है। शिक्षा विभाग में पदस्थ बाबू अपनी कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा में है।

जानकारी के अनुसार 2024-25 के दौरान शिक्षा विभाग में लाखों की गड़बड़ी की गई है। भाजपा सरकार बनने के बाद जैसे ही मामले की सुगबुगाहट शुरू हुई तत्कालीन अधिकरी को हटा दिया गया किन्तु विभाग और राजीव गांधी शिक्षा मिशन के संकुल कार्यालय की कार्यप्रणाली में किसी प्रकार का बदलाव नहीं हुआ।

### लापरवाह शिक्षकों को पूरा भुगतान

विभाग ने ऐसे शिक्षकों को भी वेतन भुगतान कर दिया है जो महिनों स्कूल नहीं जाते। जानकारी के अनुसार ब्लाक में कुल 39 संकुल है जिसमें मात्र 18 के भवन हैं। स्कूल भवनों के संधारण के लिए हर साल लाखों का फंड मिलता है किंतु संकुल समन्वयक और शिक्षक फर्जी बिल बना कर राशि का आहरण कर लेते है। वहीं संकुल समन्वयक में पदस्थ स्कूलो में पढाने के बजाए शिक्षा कार्यालय में नजर आते है। वर्तमान में शिक्षकों की ट्रेनिंग के नाम पर फर्जी बिल बना कर राशि आहरण करने का मामला सामने आया है। इस मामले में जब विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री निवास मिश्रा से संपर्क किया गया उन्होंने अभी चार्ज लेने का हवाला देते हुए कहा कि शिकायत मिलने पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## क्राफ्ट मेला में बच्चों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में स्वामी विवेकानंद यूथ एंड इको क्लब के तत्वावधान में क्राफ्ट मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी प्राचार्य चंद्रमणि वासनिक ने कहा कि इससे विद्यार्थियों को अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का मौका मिलता है। क्राफ्ट को शिक्षा में शामिल करने से विभिन्न शैक्षिक प्रक्रियाओं को रोचक ढंग से समझा जा सकता हैं। उन्होंने क्रोशिया से थाली कवर बनाकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने कहा कि इससे विद्यार्थियों के कौशल का विकास होता है। उन्होंने शॉटन रिबन से से गुलाब, ऊन से खिलौने, टेडीबियर तथा वेस्ट प्लास्टिक बोतल को गमला बनाकर का प्रदर्शित किया। व्याख्याता पवन सिन्हा ने गुलदस्ता बनाना सिखाया। संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया। उन्होंने आम के पत्ते से गुलदस्ता तथा तार से फूल बनाकर दिखाया। इसी क्रम में 11वीं की दिव्या ने झूमर, जिज्ञासा ने क्रोशिया से प्लेट कवर, टिकेश्वरी ने पुरानी साड़ी का पैरदान, मेघा ने ग्रीटिंग कार्ड, ओमलाल ने बांस से बैलगाड़ी, भारती ने भारत माता का मॉडल, दिवाकर ने पंखा बनाकर प्रदर्शित किया। इस अवसर पर वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल आदि उपस्थित थे।



## जन्मदिन पर किया 14वां रक्तदान

**विष्णुपुर।** उप सरपंच एवं छात्र युवा मंच प्रदेश कोषाध्यक्ष भागवत वर्मा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर 14 वीं बार स्वैच्छिक रक्तदान किया। जन्मदिन के मौके पर उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि सभी अपना जन्मदिन रचनात्मक और सकारात्मक रूप से मनाएं और पार्टी में हजारों रुपए व्यर्थ खर्च करने के बजाए ऐसा कुछ करें कि किसी का भला हो सके। छात्र युवा मंच संयोजक नागेश यदु ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि युवा नेतृत्व का ऐसा सामाजिक योगदान स्वस्थ भारत के निर्माण में अहम है।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## 116 छात्र अब सिस्टम झेलने को मजबूर

# गंडई में परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ प्रशासनिक खिलवाड़

## ओपन स्कूल का परीक्षा सेंटर बनाया गया छुईखदान


हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

शासन की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और सब पढ़े-सब बढ़े जैसी योजनाएं गंडई क्षेत्र में कागजी खानापूर्ति नजर आ रही हैं। सन 2015 से जिस गंडई में लगातार ओपन स्कूल का परीक्षा केंद्र संचालित हो रहा था, उसे इस वर्ष बिना किसी ठोस आधार के बिना जानकारी दिए ही छुईखदान स्थानांतरित कर दिया गया है। इस तुगलकी फरमान ने न केवल छात्रों की जेब पर बोझ डाला है, बल्कि कई महिलाओं की शिक्षा पर पूर्णविराम लगाने की स्थिति भी पैदा कर दी है।

जानकारों के अनुसार शिक्षा विभाग का नियम है की, यदि परीक्षार्थियों की संख्या 50 से 100 के बीच हो, तो वहां परीक्षा केंद्र बनाया जा सकता है। गंडई और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से इस वर्ष लगभग 116 छात्र-छात्राओं ने फॉर्म भरा था। नियम और संख्या बल दोनों गंडई के पक्ष में होने के बावजूद, केंद्र को छुईखदान कन्या शाला शिफ्ट कर दिया गया। जिसके कारण परीक्षार्थियों में रोष देखा जा रहा है।

### आर्थिक बोझ और मानसिक दबाव

परीक्षा के समय छात्रों को एकाग्रता की आवश्यकता होती है, लेकिन यहां उन्हें बस और निजी वाहनों के चक्कर काटने होंगे। अतिरिक्त समय, वाहनों का किराया और चिलचिलाती धूप में सफर करने से परीक्षार्थियों पर मानसिक दबाव बढ़ेगा। गंडई के परीक्षार्थी सब्बीर खान और अनुराग उइके सहित अन्य ने बताया कि प्रवेश पत्र लेने पहुंचने पर उन्हें इस बदलाव का पता चला, जिससे वे हैरान और परेशान हैं।



### कामकाजी एवं घरेलू महिलाओं पर संकट

इस फैसले का सबसे बुरा असर उन शादीशुदा महिलाओं पर पड़ा है, जो घर-परिवार संभालते हुए एवं रोजी मजदूरी करते हुए अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहती थी। परिजनों का कहना है कि गंडई केंद्र होने के भरोसे ही फॉर्म भरा गया था। अब छुईखदान (लगभग 15 से 20 किमी दूर) जाकर परीक्षा दिलाना उनके लिए आर्थिक और पारिवारिक रूप से संभव नहीं है। कई अभिभावकों ने दो टूक कहा छुईखदान सेंटर होने के कारण अब हम अपनी बहुओं और पत्नियों को परीक्षा नहीं दिला पाएंगे।

### अधिकारी का तर्क या जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ना?

जब इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी लाल जी द्विवेदी से संपर्क किया गया, तो उन्होंने गोलमोल जवाब देते हुए बताया कि हो सकता है संख्या कम हो या ब्लाक मुख्यालय में ही परीक्षा आयोजित करने की दृष्टि से छुईखदान को सेंटर बनाया गया हो, साथ ही ये सवाल पूछने पर की किसके आदेश पर गंडई को परीक्षा केंद्र से हटाया गया होगा उनका कहना था कि मुझे इसकी जानकारी नही है। सवाल यह उठता है कि जब धरातल पर संख्या 116 है, तो विभाग शायद और संभावना जैसे शब्दों के पीछे क्यों छिप रहा है? 10 सालों से जब गंडई परीक्षा केंद्र रहा है तो अचानक इसमे बदलाव बिना किसी ठोस कारण के क्यो। क्या विभाग ने केंद्रों के निर्धारण से पहले आंकड़ों की जांच नहीं की थी? अन्य पहलुओं पर ध्यान नही दिया था । आखिर सवालों का जवाब कौन देगा।

### परीक्षा 16 मार्च को, केंद्र की जानकारी प्रवेश पत्र में

बता दे कि उक्त ओपन परीक्षा 16 मार्च से आरंभ हो रहा है 16 मार्च में महज 6 दिन शेष रह गया है और परीक्षा केंद्र छुईखदान दिए जाने की जानकारी गंडई क्षेत्र के परीक्षार्थियों तो तब पता चल रहा है जब वे अपना प्रवेश पत्र लेने जा रहे है। अचानक परीक्षा केंद्र बदल दिए जाने से परीक्षार्थियों में अतिरिक्त मानसिक बोझ उतपन्न हो रहा है। परीक्षा केंद्र छुईखदान कर दिए जाने की किसी प्रकार की कोई जानकारी सार्वजनिक नही किया जाना समझ से परे है।

### प्रयास करूंगी

अधिकारियों से सम्पर्क कर प्रयास करूंगी की ओपन परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या स्कूल गंडई ही रहे।

- श्रीमती प्रियंका खम्हन ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष

# लाखों की गड़बड़ी करने वाले सीएमओ नरेश वर्मा के खिलाफ होगी एफआईआर

## गरीबों के स्वास्थ्य से खेल करने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

कबीरधाम में नपा सीएमओ रहते गरीब बस्तियों में रहने बसने वालों की सेहत से खिलवाड़ करने वाले नरेश वर्मा के सस्पेंशन बाद आखिरकार विभाग ने कवर्धा सीएमओ को उनके खिलाफ थाने में एफआईआर कराने का आदेश जारी किया है।

लंबी जॉच प्रक्रिया, वसूली नोटिस के बाद आखिरकार विभाग ने कड़ा कदम उठाते हुए पहले उन्हें तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर जेडी आफिस दुर्ग अटैच किया और उसके बाद 24 फरवरी को एफआईआर दर्ज कराने कवर्धा सीएमओ को निर्देशित किया है। जानकरी अनुसार सूडा ने जून 25 मे कवर्धा सीएमओ के रूप मे काम करने के दौरान सीएमओ नरेश वर्मा को सीएम शहरी स्लम योजना तहत दवा खरीदी, वितरण और भुगतान प्रक्रिया मे वित्तीय हानि के लिए प्रथमदृष्टया दोषी पाते हुए 20 लाख 80 हजार 380 रूपयो की वेतन से वसूली का पत्र जारी किया था जिसके बाद संचालनालय नगरीय प्रशासन व विकास विभाग ने सूडा से मिले दस्तावेजो की विशेषज्ञ टीम से जॉच कराई जिन्होने दिसंबर 25 को अवर सचिव को प्रेषित अभिमत मे लिखा है कि कार्य संचालन सेवा प्रदाता कंपनी पर अर्थदंड की राशि अधिरोपित नही करने से 25 लाख 91 हजार 500 रूपयो की हानि दर्शित है जबकि कबीरधाम जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी द्वारा 10 जनवरी 22 को जारी पत्र अनुसार पेनाल्टी काटा जाना था। जॉच समिति ने पाया कि कबीरधाम के तत्कालीन सीएमओ नरेश वर्मा ने एमएमयू संचालन एजेंसी को अधिक राशि का भुगतान किया है इसलिए उनके खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कारवाई के अलावा अधिक राशि भुगतान को लेकर एफआईआर कराया जाना चाहिए। विभाग ने जॉच समिति के प्रस्ताव को नियमानुसार वाजिब मानते हुए तत्काल प्रभाव से पहले निलंबित किया और अब एफआईआर का आदेश जारी किया है।

### 6 महीने पहले सूडा ने किया था पत्र जारी

कवर्धा नगर पालिका मे सीएमओ के रूप मे कार्य करने के दौरान नरेश वर्मा पर सीएम स्लम स्वास्थ्य योजना के नोडल अधिकारी होते हुए स्लम स्वास्थ्य योजना जैसे जनहितकारी प्रोजेक्ट के क्रियांवयन दौरान पीएमयू द्वारा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर दवा खरीदी, वितरण और भुगतान मे पारदर्शिता के अभाव मे 2 लाख 13 हजार 497 रूपयो का अपव्यय, थर्ड पार्टी आडिट एजेंसी व एरिया मैनेजर द्वारा एमएमयू संचालन एजेंसी पर 17 लाख 7 हजार 880 रूपए और 6 लाख 500 रूपए कुल 23 लाख 8 हजार 380 रूपयो की वित्तीय अनियमितता की पुष्टि हुई थी जिसमे से मात्र 2 लाख 28 हजार रूपए अधिरोपित करना पाया गया जबकि शेष राशि लगभग 23 लाख जॉच के दौरान अधिरोपित करना नही पाया गया। राज्य शहरी विकास अभिकरण ने योजना क्रियांवयन मे पारदर्शिता का अभाव, वित्तीय अनियमितता को सेवा शर्तो के अधीन कदाचरण की श्रेणी और दायित्व निर्वहन मे लापरवाही साथ उदासीनता का परिचायक मानते हुए उक्त कृत्य को करने का कारण स्पष्ट करने कहा वही प्राधिकरण द्वारा जारी पत्र मे स्पष्ट रूप से कहा गया कि समय सीमा के भीतर प्रस्तुत जवाब समाधानकारक नही पाए जाने की स्थिति मे पर वित्तीय हानि की वसूली सीएमओ नरेश वर्मा के वेतन अथवा राजस्व वसूली नियमो के प्रावधान तहत किया जाएगा। जांच रिपोर्ट मुताबिक अफसरशाही के इस खेल से सरकारी खजाने को तगड़ा झटका लगा और यह साफ तौर पर वित्तीय अनियमितता और कदाचार की श्रेणी में आता है।

### पूर्व जिला भाजपा महामंत्री ने उठाई आवाज

मामले का पूर्व जिला भाजपा महामंत्री रामाधार रजक ने खुलासा किया था उन्होने प्रकरण संज्ञान मे आने के बाद विभागीय अधिकारियो व सरकार के मुखिया तक इस गड़बड़झाले की जानकारी दी जिसके बाद पहले सूडा एक्शन मे आया। नरेश वर्मा के खिलाफ बीस लाख से उपर की राशि वसूली का पत्र जारी किया बाद मे नगरीय प्रशासन विभाग ने भी मामले की सूडा के विशेषज्ञो से जॉच कराई जिसमे उन्होने स्पष्ट रूप से नरेश वर्मा को वित्तीय हानि का दोषी पाते हुए कठोर अनुशासनात्मक कारवाई के अलावा एफआईआर कराया जाना सही बताया था। रामाधार रजक ने बताया कि सीएम के जनकल्याणकारी योजना के क्रियांवयन सरकारी अधिकारी की लापरवाही की जानकारी मिलने के बाद उन्होने प्रशासनिक अधिकारियो सहित सरकार से लगातार पत्र व्यवहार किया, मुलाकात की जिसके बाद अब सरकारी राशि का अनुचित उपयोग करने वाले के खिलाफ सस्पेंशन बाद एफआईआर की कारवाई की गई है।

# प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान की सेल्समेन बर्खास्त, मैनेजर को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि सोशल मीडिया में सुपर स्ट्रांग 7 हिल्स 500 एमएल बीयर की कैन की वीडियो वायरल होने के संबंध में आबकारी उप निरीक्षण द्वारा प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान में संग्रहित मदिरा का भौतिक सत्यापन किया गया।

मदिरा दुकान के प्रभारी अधिकारी के प्रतिवेदन अनुसार सुपर स्ट्रांग 7 हिल्स 500 एमएल बीयर की निर्मित तिथि 15 अक्टूबर 2025 है तथा वैधता तिथि 13 अप्रैल 2026 है। मदिरा दुकान में उपस्थित कर्मचारियों से सुपर स्ट्रांग 7 हिल्स 500 एमएल बीयर की कैन की बीयर विक्रय नहीं करने के निर्देश दिये जाने के बावजूद विक्रय कर दिया गया। जिसके लिए मुख्य विक्रयकर्ता कैलाश देवांगन को सेवा से पृथक कर ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जा रही है। प्रबंधक राजदीप इन्टरप्राईजेस को भी सुपर स्ट्रांग 7 हिल्स 500 एमएल बीयर नहीं बेचने के संबंध में निर्देश किया गया था। उनके द्वारा निर्देशों का पालन नहीं करना घोर लापरवाही का द्योतक है। इस कारण उन्हें भी कारण बताओ सूचना पत्र कार्यालय से जारी किया गया है। राजदीप इन्टरप्राईजेस द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं देने पर उचित कार्रवाई के लिए उच्च विभाग को पत्राचार किया जाएगा। आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आबकारी मेसर्स माइकल ब्रेवरीज प्राईवेट लिमिटेड के दिये गये जवाब संतोष जनक नहीं पाया गया और छत्तीसगढ़ विदेशी मदिरा नियम 1996 एवं विदेशी मदिरा रेट ऑफर के प्रावधान का उल्लंघन होना पाया गया। जिसके कारण कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ रायपुर के आदेश तिथि 4 फरवरी 2026 के अनुसार निर्माता कंपनी मेसर्स माइकल ब्रेवरीज प्राईवेट लिमिटेड पर एक लाख रूपए की शास्ति और छत्तीसगढ़ विदेशी मदिरा नियम 1996 के नियम (9) का उल्लंघन होने पर 50 हजार रूपए का अर्थदण्ड लगाया गया है। सीएसबीसीएल के तीनों गोदामों में रखें सुपर स्ट्रांग 7 हिल्स 500 एमएल बीयर की अविक्रित पेटियों को मेसर्स माइकल ब्रेवरीज प्राईवेट लिमिटेड को वापस ले जाने के लिए आदेश दिया गया है। सभी मदिरा दुकानों में सुपर स्ट्रांग 7 हिल्स 500 एमएल बीयर को बिक्री करने हेतु प्रतिबंधित किया गया है।

### एक बीयर बोतल में दो-दो ब्रांड के स्टीकर, ग्राहकों ने वीडियो बनाकर किया वायरल



### लिया गया स्पष्टीकरण

प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि जिले के प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान राजनांदगांव में सुपर स्ट्रांग 7 हिल्स 500 एमएल बीयर की कैन से लेबल व रेपर को हटाकर अन्य बीयर गोल्डन प्राईड प्रीमियम लेजर बीयर का लेवल प्रिंट होने के संबंध में छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड बिलासपुर तथा दुर्ग के गोदाम प्रबंधक एवं सहायक आयुक्त आबकारी रायगढ़, जिला आबकारी अधिकारी सूरजपुर द्वारा आबकारी आयुक्त को यह तथ्य ध्यान में लाया गया। माह नवम्बर 2025 को सुपर स्ट्रांग 7 हिल्स 500 एमएल बीयर की कैन से लेबल व रैपर को हटाने पर अन्य बीयर गोल्डन प्राईड प्रीमियम लेजर बीयर का होना पाया गया है। इस संबंध में कार्यालय आबकारी आयुक्त नवा रायपुर द्वारा मेसर्स माइकल ब्रेवरीज प्राईवेट लिमिटेड को आगामी आदेश तक विक्रय से प्रतिबंधित करने के निर्देश जारी किये गये थे। आबकारी आयुक्त नवा रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ विदेशी मदिरा नियम 1996 एवं विदेशी मदिरा रेट ऑफर की शर्तों के प्रावधानों का उल्लंघन होने से मेसर्स माइकल ब्रेवरीज प्राईवेट लिमिटेड कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर इस संबंध में स्पष्टीकरण लिया गया है।

# कायस्थ समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महिला प्रकोष्ठ द्वारा स्थानीय सांस्कृतिक भवन में चित्रगुप्त पूजन व होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। 8 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस और होली उत्सव का अनूठा संगम देखने को मिला। कायस्थ परंपरा अनुसार होली के दूसरे दिन समाज के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इस अवसर पर समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से कलम-दवात के देवता की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा पश्चात आयोजित होली मिलन समारोह में सभी ने गुलाल साथ फूलों की होली खेलकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।



इस दौरान महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष दीप्ति श्रीवास्तव, सचिव अमिता श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष नुपुर श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष शीतल श्रीवास्तव सहित डॉ रश्मि खरे, शशिबाला श्रीवास्तव, अनिता श्रीवास्तव, सुनीता बख्शी, जयती विश्वास, संध्या श्रीवास्तव, आशा श्रीवास्तव, वंदना बख्शी, अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, साधना श्रीवास्तव, रूचि बख्शी, युक्ति माया बख्शी, पूनम श्रीवास्तव, शिखा श्रीवास्तव, सुरभि खरे, वैशाली खरे, आकांक्षा श्रीवास्तव, अमिषा श्रीवास्तव, सोनिया श्रीवास्तव, अंजली बख्शी व निष्ठा श्रीवास्तव के अलावा शिव कुमार श्रीवास्तव, लखन लाल श्रीवास्तव, कमलेश बख्शी, अमिताभ बख्शी, अजय श्रीवास्तव, कौशल श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, नितेश बख्शी, शरद श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, रविराज श्रीवास्तव, सुयश खरे, गौरव बख्शी, गिरीश बख्शी, विप्लव श्रीवास्तव, नयन बख्शी, दीप्तक श्रीवास्तव, दीक्षक श्रीवास्तव, अक्षांश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में सजातीय बंधु उपस्थित थे।

### महिला शक्ति का सम्मान

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को अस्मिता नाम दिया गया। समाज की महिलाओं को उनके विशिष्ट योगदान और समाज निर्माण में उनकी भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारियों ने जोर देकर कहा कि कायस्थ समाज हमेशा से ही शिक्षा और महिला सशक्तिकरण का पक्षधर रहा है।

### जस गायन स्पर्धा 22 से

**एलबी नगर।** जय चांदी पाठ सांई सेवा ग्वाल जस पचरा सेवा भजन मंडली चांदो के तत्वावधान में आगामी 22 से 24 मार्च तक जस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष बरमदास साहू, सचिव देवकुमार साहू, कोषाध्यक्ष जनकलाल साहू एवं सदस्य गणेशराम भोयर, राकेश साहू, हंसराज भोयर, राकेश ऊके, मन्नुलाल साहू, अमन साहू, मुकेश साहू, टोकेश साहू, मनोज साहू हैं।

# मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में चैत्र नवरात्रि पर्व की तैयारियां प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ बर्फानी आश्रम में हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्र आगामी 19 से 27 मार्च तक हवन, पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही ज्योत प्रज्जवलन का कार्यक्रम आयोजित है। संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि चैत्र नवरात्रि पर्व बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में भी 19 से 27 मार्च तक मनाया जाएगा। जिसमें प्रतिदिन माता व अन्य देवी-देवताओं की विधि-विधान से पूजा-पाठ के अलावा आरती पूजन का कार्यक्रम आयोजित है। 19 मार्च को अविभाज्य मुहूर्त दोपहर 11.36 से 12.24 के मध्य गौरी गणेश नवग्रह स्थापना, गुरु पूजन के पश्चात माई ज्योत व गुरु ज्योत प्रज्वलन के साथ ही माता व भोलेनाथ की आरती उतारी जाएगी। तत्पश्चात मनोकामना ज्योति कलश रखने वाले श्रद्धालुओं की ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जाएगी।

इस आयोजन को लेकर संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू', कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, महेन्द्र लुनिया, आलोक जोशी, दामोदर अग्रवाल, बलविंदर सिंह भाटिया, संजय खंडेलवाल, योगेन्द्र पांडे, सूरज जोशी, लीलाधर सिंह, मनीष परमार, संतोष खंडेलवाल सहित अन्य सदस्यों ने आम श्रद्धालुओं से अपेक्षा की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में माता का दर्शन लाभ कर आशीर्वाद प्राप्त करें।

### विशेष श्रृंगार 23 को

23 मार्च को नवरात्रि की पंचमी के अवसर पर मां पाताल भैरवी सहित मां राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या, भगवान पातालेश्वर महादेव सहित द्वादश ज्योतिर्लिंगों, हनुमान जी, गणेश जी व भैरव बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। माता के दरबार में श्री यंत्र पर आधारित यज्ञ शाला में महाअष्टमी हवन 26 मार्च को संध्या 6 बजे से संस्था के सदस्यों एवं अन्य श्रद्धालुओं द्वारा किया जाएगा। 27 मार्च को पड़ने वाली रामनवमी के अवसर पर माता की विशेष महाआरती, श्रीराम जन्मोत्सव के पश्चात माता की ज्योत ज्वांरा का विसर्जन किया जाएगा।

## विद्यार्थियों ने विज्ञान को करीब से जाना समझा

# पीएमश्री डॉ. पपुब सेजेस में नेशनल साइंस डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच नवाचार व अनुसंधान की भावना विकसित करने छग विज्ञान और प्रोद्योगिकी विभाग और सीसीओएसटी द्वारा जिले में नेशनल साइंस डे का आयोजन पीएम श्री डॉ पपुब सेजेस में जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी के मार्गदर्शन में हुआ।

कार्यक्रम का मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अतिथि प्राचार्य अनुराग सिंह, जनक कुमार व्याख्याता पॉलिटेक्निक मैटलरजी विभाग, लिकेश्वर वर्मा संचालक ड्रिम्स अकादमी, व्याख्याता किरण सिंह, आशीष मिश्रा उपस्थित थे। इस अवसर पर चित्रकला, क्विज, और विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन जिला समन्वयक संजय श्रीवास्तव व्याख्याता के सानिध्य में हुआ जिसमें जिले के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्राचार्य अनुराग सिंह ने विद्यार्थियों को विज्ञान संबंधित प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लेने और निरंतर नवाचार को लेकर जिज्ञासु होने प्रेरित किया।



जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी द्वारा समस्त विद्यार्थियों को नेशनल साइंस डे की बधाई देते हुए सफल विद्यार्थियो को शुभकामना दी गई। इस दौरान सायरा कुरैशी, अनिल कुमार पुलस्त्य, सीमा यादव, करूणा सिंह, बीडी जोशी, डीडी टंडन, पुकेश्वर लाल सहित अन्य विद्यालयों के शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### राजधानी का किया भ्रमण

पीएमश्री डॉ पपुब सेजेस में कक्षा 6 वी से लेकर 12 वी तक के छात्र/छात्राओं को एक्सप्लोजरविजिट के अंतर्गत राजधानी में छत्तीसगढ़ साइंस सिटी, छग आदिवासी संग्रहालय और शहीद वीर नारायण संग्रहालय का भ्रमण कराया गया। प्राचार्य अनुराग सिंह, किरण सिह और संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में भ्रमण दौरान छात्रों को साईंस सिटी का अवलोकन कराया गया। जहां बच्चों ने चलित विज्ञान मॉडल, गणितीय मॉडल पाइथागोरस प्रमेय, तारामंडल और 3 डी फिल्म के माध्यम से मंगल ग्रह पर जीवन और वहां से वापसी संबंधित नासा के कार्यक्रम को देखा। इसके पश्चात छात्रों को छत्तीसगढ़ आदिवासी संग्रहालय ले जाया गया, जहां पर उन्होने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, पंरपरा औजार, आभूषण, व्यवसाय व उनके रहन-सहन को करीब देखा, सीखा और समझा। इसके साथ ही शहीद वीर नारायण सिह संग्रहालय में छात्रों ने हमारे छत्तीसगढ़ी क्रांतिकारियों का अंग्रेजो के साथ से हुए विभिन्न आंदोलन, क्रांति व स्वतंत्रता के लिए लड़ाई करते देखा। भ्रमण मे शिक्षक विष्णुदास जोशी, पुकेश्वर लाल हेमलाल कौशिक, राम्हीन चन्द्रवंशी, आरती साहनी, छाया एक्का, श्री बंशीलाल, डीडी साहू, नरेन्द्र साहू, नरेन्द निषाद, नीलेश्वरी महोबिया सहित अन्य का योगदान रहा।

### पीएमश्री योजनाओं की दी जानकारी

पीएमश्री डॉ पपुब सेजेस में पीएमश्री योजना अंतर्गत एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया किया। प्राचार्य अनुराग सिंह ने पीएमश्री स्कूल के महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन और उसमें एक्सपर्ट टॉक की महत्ता के बारे में छात्र-छात्रों को बताया। व्याख्याता किरण सिंह, पॉलिटेक्निक कालेज व्याख्याता जनक कुमार द्वारा बच्चों को सपनों को पूरा करने अनुशासित होने कहा गया, साथ ही कक्षा 10 वी के पश्चात व्यवसायिक कोर्स और पॉलिटेक्निक कोर्स का चयन कर भविष्य का निर्माण को लेकर जानकारी दी। लिकेश्वर वर्मा द्वारा छात्रों को देश सेवा और सेना के विभिन्न कोर्स में जाने के लिए आवश्यक परीक्षा और फिजिकल फिटनेस की जानकारी दी गई।

## वाद-विवाद, पांच पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव।** वाद-विवाद करने पर शांतिभंग होने के अंदेशा पर पुलिस ने पांच अनावेदकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना गैंदाटोला क्षेत्र अंतर्गत 9 मार्च को अनावेदक सागर उईके 22 साल, युगल साहू 32 साल, नोबल साहू 27 साल, भोलाराम साहू 20 साल व आकाश उईके 19 साल सभी ग्राम हैंदलकोड़ो थाना गैंदाटोला द्वारा आवेदक हेमंत बंजारे निवासी ग्राम हैदलकोड़ो को पूर्व में किए गए मारपीट के शिकायत रिपोर्ट को वापस लेने दवाब बनाया जा रहा था। आवेदक की उक्त शिकायत जांच के दौरान अनावेदक वाद-विवाद करने लगे, की शांतिभंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने हेतु सभी को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर पृथक से धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर इस्तगासा तैयार कर न्यायालय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट छुरयि जिला राजनांदगांव में पेश किया गया है।

जमीन बेचना है
बांधाबाजार में 3 एकड़ जमीन बेचना है।
- संपर्क करें -
9685786377

## सार समाचार

### श्रमिकों को कराना होगा ई-केवाईसी

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार श्रम विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ डीबीटी अंतरण के माध्यम से हितग्राहियों के बैंक खाते में किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी उज्ज्वल भोई ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक एवं पात्र श्रमिकों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचाने ई-केवाईसी प्रक्रिया लागू की गई है। पंजीकृत सभी निर्माण, संगठित, संगठित क्षेत्र के श्रमिकों को अपने पंजीयन का ई-केवाईसी पूर्ण करवाना अनिवार्य है।उन्होंने बताया कि वर्तमान में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के राशन कार्ड डाटा का श्रमिक पंजीयन डाटा से मिलान किया जा रहा है। जिससे हितग्राहियों के पहचान की पुष्टि की जा सके। वर्तमान में राजनांदगांव जिला अंतर्गत 24263 श्रमिकों का ई-केवाईसी किया जाना है।

### अग्रवाल सभा ने मनाया होली मिलन कार्यक्रम



**राजनांदगांव।** अग्रवाल सभा इस वर्ष भी समाज का होली मिलन का कार्यक्रम रंग पंचमी अवसर पर आयोजित भजन संध्या एवं होली मिलन 7 मार्च को अग्रसेन भवन में मनाया गया। इसमें समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, नवयुवक और बच्चे शामिल थे। सभी वर्गों ने होली मिलन एवं भजन संध्या में उत्साह एवं उमंग से हिस्सा लिया। भजनों की सुमधुर प्रस्तुति अभिषेक तंवर व राहुल शर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम में संतोष अग्रवाल, हरिनारायण अग्रवाल, सुशील पसारी, सुशील अग्रवाल, विष्णु प्रसाद लोहिया, ओमप्रकाश अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, विनोद लोहिया, मंजु खोखरिया, रिना अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, हर्ष लोहिया, सुरज अग्रवाल, चैतन्य अग्रवाल, आलोक बिंदल, अशोक अग्रवाल शामिल हुए। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित किया। उपरोक्त जानकारी सचिव आलोक बिंदल द्वारा दी गई।

### 31 तक संपत्ति कर का भुगतान करने अपील

**राजनांदगांव।** वित्तीय वर्ष समाप्ति एवं लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिए महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा समय-समय पर राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर समीक्षाकर राजस्व वसूली की जानकारी लेकर दिशा-निर्देश दिए। शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली हेतु संबंधित वार्ड प्रभारी घर-घर जाकर एवं निगम के राजस्व कार्यालय में राजस्व वसूली कर रहे हैं। उन्होंने करदाताओं से चालू वित्तीय वर्ष में 31 मार्च तक अपने बकाया सम्पत्तिकर का भुगतान कर अधिभार से बचने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि करदाता अवकाश के दिनों में भी अपने करों का भुगतान कर सकते हैं। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने करदाताओं से अपील करते कहा है कि इस वित्तीय वर्ष में करों का भुगतान करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धरित की गई। इसके उपरांत जमा करने पर क्रमशः सम्पत्तिकर में 5 प्रतिशत एवं जलकर में 15 प्रतिशत अधिभार लिया जाएगा। उन्होंने करदाताओं से अपील करते कहा है कि अपने बकाया करों का 31 मार्च तक भुगतान कर अधिभार से बचे।

### नारियों को सजग व सचेत होना चाहिए : गुप्ता



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में 9 मार्च को प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला दिवस पर काव्य पाठ एवं विचार अभिव्यक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में भारतीय नारियों को कई अन्य देशों की तुलना में अधिक सशक्त बताया। उन्होंने महिला दिवस पर उत्सव मनाने की अपेक्षा महिलाओं को अपने अधिकार एवं कर्तव्य के प्रति सजग व सचेत रहने का आह्वान किया। डॉ. प्रियंका सिंह ने महिला दिवस की सार्थकता को निरूपित किया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं चेतना सिन्हा, विनय वासनिक, गजेंद्र, दीपिका साहू, डोली साहू, माही सिंह, दीपक कुमार व यामिनी साहू ने नारी विमर्श पर केंद्रित कविता पाठ किया एवं अपने विचार व्यक्त किए। महिला प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. किरण जैन, प्रो. स्वयंसिध्दा झा, डॉ. नीलम तिवारी, डॉ. रोहिणी समरित ने भी काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलम तिवारी एवं आभार प्रदर्शन प्रो. स्वयंसिध्दा झा ने किया।

### महिला दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



**राजनांदगांव।** रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग टेडेसरा में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को पौधा भेंट कर उनका सम्मान किया गया तथा समाज के प्रति उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज स्तर पर रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के सम्मान को दर्शाती हुई आकर्षक रंगोलियां बनाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति सम्मान प्रकट करना और समाज में उनके योगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अंत में लोगों ने महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

### आज पुण्यतिथि पर भव्य आयोजन



**मोहला।** आदिवासी समाज के प्रखर जननायक राजे लाल श्याम शाह की पुण्यतिथि कल 10 मार्च को मोहला में श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। इस अवसर पर लाल श्याम शाह बस स्टैंड मोहला में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में 14 गढ़ राज क्षेत्र सहित वनांचल से सर्व समाज के लोग, बुद्धिजीवी, युवा, महिलाएं और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

### निधन



#### डीएन साहू

**राजनांदगांव।** बसंतपुर निवासी सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीएन साहू ( देवेन्द्रनाथ साहू 88 वर्ष) का रायपुर में निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार कल 10 मार्च दोपहर उनके पैतृक ग्राम जंगलपुर में किया जाएगा। स्वर्गीय श्री साहू अपने पीछे पुत्र जितेंद्र साहू, जितेश्वर साहू, पुत्री तारा साहू और नाती-पोतों का भरापूरा परिवार छोड़ गए।

## नौ क्षेत्रों में नारी शक्ति का हुआ सम्मान

# फूलों की होली से मनाई रंगपंचमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




सेवाभावी संस्था श्रीश्री बागेश्वर धाम मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व रंगपंचमी अवसर पर शानदार आयोजन श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट व समस्त महिला समूह महिला मंडल द्वारा किया गया उक्त जानकारी देते प्रज्ञा गुप्ता, मोना गोसाई व मधु खंडेलवाल ने बताया कि महिला सम्मान समारोह व रंगपंचमी उत्सव नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, समाजसेवी करूणा मधुसूदन यादव तथा अधिवक्ता शारदा तिवारी के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

स्वागत भाषण मोना गोसाई व संचालन प्रज्ञा गुप्ता द्वारा किया गया। समारोह में सर्वप्रथम तृतीय लिंग समुदाय में नगीना का साथियों संग सम्मान किया गया।

इस अवसर पर अलका जानी, मंजू खोखरिया खंडेलवाल, सरला खंडेलवाल, सुषमा सिंह, अनामिका गौतम, मौसमी शर्मा, साधना तिवारी, लक्ष्मी गुप्ता, दुर्गा गुप्ता, वंदना गुप्ता, चंचल गुप्ता, आशा गुप्ता, अन्नु गुप्ता, किरण अग्रवाल, पुष्पा गायकवाड, मिथलेश्वरी वैष्णव, अल्का अग्रहरि, सुषमा राठी, दीपा ठक्कर, ज्योति खंडेलवाल, सुनिता राजपूत, खुशी शर्मा, मंजुला तिवारी, सविता बोस व साथियों का भी सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया।

### महिलाओं का उत्कृष्ट योगदान

चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. सुरभि मोहबे, महिला पुलिस व खेल क्षेत्र से अंजु सिंह, शिक्षा क्षेत्र में फुलेश्वरी वैष्णव, स्वरोजगार क्षेत्र में लक्ष्मी निर्मलकर, पूर्णिमा साहू, सफाई क्षेत्र में प्रतिभा सोनकर व साथियों, मितानिन प्रमुख देवकी वर्मा व मितानिनों, ई-रिक्शा चालक शोमना मेश्राम, धर्म सेवा क्षेत्र में यशोदा गुप्ता सहित नौ क्षेत्रों में उत्कृष्ठ योगदान दे रही महिला शक्ति का सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया।

### खेल स्पर्धाओं का आयोजन

रंग पंचमी अवसर पर महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को उपहार दिया गया। अतिथियों वैशाली जैन, करूणा मधुसूदन यादव, शारदा तिवारी द्वारा महिला शक्ति को हर क्षेत्र में मजबूत होकर अपनी योग्यता साबित कर अग्रिम पंक्ति में महिलाओं को अपने को स्थापित करने कहा गया।

## सिंघोला में रूद्राक्ष फल का वितरण आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाकाल सेना द्वारा श्रद्धालुओं के लिए महाकाल मंदिर सिंघोला में रूद्राक्ष के फल का वितरण किया जाएगा। यह वितरण कार्यक्रम कल 10 मार्च से प्रारंभ होगा। जिसमें सीमित मात्रा में उपलब्ध रूद्राक्ष फल श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप प्रदान किए जाएंगे।

आयोजकों के अनुसार रूद्राक्ष फल का वितरण दो समय पर किया जाएगा। सुबह 7 से 9 बजे तक तथा संध्याकाल 7 से 8 बजे तक महाकाल मंदिर सिंघोला परिसर में श्रद्धालुओं को फल दिया जाएगा। महाकाल सेना के पदाधिकारियों ने बताया कि सीमित मात्रा में उपलब्धता को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को एक रूद्राक्ष फल ही दिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इस पवित्र प्रसाद का लाभ ले सकें। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से निर्धारित समय में मंदिर पहुंचकर रूद्राक्ष फल प्राप्त करने और धार्मिक वातावरण को बनाए रखने की अपील की है।

## अवैध रूप से गांजा की बिक्री आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से नशीले पदार्थों गांजा, शराब व टेबलेट की बिक्री में संलिप्त लोगों एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

**घेराबंदी कर पकड़ा :** 8 मार्च को मुखबीर की सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा घटनास्थल पुराना गौरीनगर रेलवे फाटक के पास घेराबंदी कर पवन तलकाई 29 वर्ष 16 खोली स्टेशनपारा एवं शक्ति नेताम 26 वर्ष गौरीनगर गली सहित एक विधि से संघर्षरत बालक को अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बिक्री करते हुए रंगे हाथ पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से 11.08 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 600 रुपए, गांजा बिक्री के नगदी रकम 1610 रुपए एवं टच स्क्रीन मोबाइल कीमती 10,000 रुपए को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (बी) (II) ए, 29, नारकोटिक्स एक्ट एवं 77 किशोर न्याय अधिनियम पंजीबद्ध कर मामले में दो आरोपियों सहित एक विधि से संघर्षरत बालक को विधिवत गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।

## नैनो सामग्री नवाचार विषय पर प्रशिक्षण 14 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में रूसा 2.0 प्रॉपर्टी ग्रांट के अंतर्गत कम्प्यूटर आधारित सामग्री नैनो सामग्री नवाचार विषय पर विज्ञान संकाय के लिए 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 9 से 14 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य उच्च शिक्षा के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना तथा विज्ञान संकाय के शिक्षकों को कम्प्यूटर आधारित प्रयोग, डिजिटल सिमुलेशन और मॉडलिंग तकनीकों के माध्यम से सामग्री विज्ञान एवं नैनो प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार के लिए प्रशिक्षित करना है।

## मारपीट के आरोपी पकड़े गए



**राजनांदगांव।** घर में घुसकर गाली-गलौज कर मारपीट करने के विरूद्ध घुमका पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी रामेश्वर निषाद 41 साल चारभाटा द्वारा 4 मार्च को लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि शाम करीबन साढे 5 बजे प्रार्थी के साथ सरस्वती चौक में रतन निषाद द्वारा मारपीट करने के बाद अपने दोनों लड़के लिलेश निषाद व लक्की निषाद के साथ प्रार्थी के घर अंदर घुसकर गाली-गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देकर प्रार्थी रामेश्वर व अन्य के साथ मारपीट किया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

दौरान विवेचना घटनास्थल निरीक्षण प्रार्थी मुत्तर्जर व गवाहों का कथन लिया गया। जिसमें आरोपियों द्वारा एक राय होकर घर अंदर घुसकर हाथ-मुक्का से मारपीट करना पाए जाने पर 9 मार्च को आरोपियों रतन निषाद 47 वर्ष, लक्की निषाद 21 वर्ष व लिलेश कुमार 18 वर्ष को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। मामला अजमानतीय होने से आरोपियों को ज्युडिशियल रिमांड तैयार कर रिमांड में न्यायालय में पेश किया गया।

## सम्मान




**राजनांदगांव।** अतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर निगम द्वारा आयोजित समारोह में महापौर मधुसूदन यादव ने डाक्टर ज्योति यादव का सम्मान किया।

## उपकरण उपलब्ध कराने मूल्यांकन शिविर आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एआईसी) के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) जबलपुर द्वारा राजनांदगांव जिले के दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु विकासखंडों में कल 10 से 13 मार्च तक सुबह 11 से शाम 4 बजे तक मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा।जिसके अंतर्गत 10 मार्च को जनपद पंचायत भवन डोंगरगांव, 11 को मंडी परिसर डोंगरगढ़, 12 को गांधी सभागृह राजनांदगांव एवं 13 मार्च को जनपद पंचायत छुरिया सामुदायिक भवन में मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

उप संचालक समाज कल्याण वैशाली मरडवार ने बताया कि मूल्यांकन शिविर के माध्यम से 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्रायसाइकिल, ट्रायसाइकिल, व्हील चेयर चाईल्ड व एडल्ट, क्रेजेश एल्ब्रो, चार प्रकार की बैसाखी, वाकिंग स्टीक एडजेस्टेबल, ब्रेल केन फोल्डिग, ब्रेल किट, रोलेटर, श्रवण यंत्र, सीपीचेयर, शेल फोन, सुगम्य केन, जाय स्टीक व्हील चेयर, टीएलएम कीट 16 कैलीपर्स व कृत्रिम अंग सहित अन्य प्रकार के सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु चिन्हांकन किया जाएगा। विशेषज्ञों के मूल्यांकन अनुसार दिव्यांगता के अनुरूप लगने वाली उपकरण शीघ्र ही उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में आवेदकों को 22500 रुपए प्रतिमाह से कम का आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आवास प्रमाण पत्र, यूडीआईडी, दिव्यांगता प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं मोबाइल नंबर प्रस्तुत करना होगा। उप संचालक समाज कल्याण वैशाली मरडवार ने पात्र दिव्यांगजनों एवं उनके पालकों को संबंधित जनपद पंचायत क्षेत्र में आयोजित मूल्यांकन शिविर में शामिल होकर परीक्षण कराने की अपील की है।

पृष्ठ 09 का शेष

### वनांचल में दो शेर...

इसी दौरान बीते 27 फरवरी से जिले के औंधी क्षेत्र के बागडोंगरी-मरकाटोला इलाके में एक और बाघ की लगातार मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

**बाघ की मौजूदगी से ग्रामीणों में डरः** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के औंधी क्षेत्र में 27 फरवरी से एक और बाघ के मूवमेंट की जानकारी मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बाघ के डर से लोग जंगल जाना कम कर दिए हैं। इससे महुआ, चार और अन्य वनोपज संग्रहण का सीजन प्रभावित हो रहा है, जो कई परिवारों की आजीविका का मुख्य साधन है।

**बच्चों की पढ़ाई पर असर :** क्षेत्र के कई गांव के बच्चों को पढ़ाई के लिए रोजाना करीब पांच किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाना पड़ता है। बाघ की मौजूदगी की खबर से अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल और खेतों से होकर गुजरने वाले रास्तों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन को विशेष व्यवस्था करनी चाहिए।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश डुलानी नहीं रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



वरिष्ठ भाजपा नेता, समाजसेवी, उद्यमी और अनेक सामाजिक संगठनों से जुड़े कद्दावर नेता सुरेश डुलानी का आज लगभग 67 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे लेकिन अंततः आज दोपहर 12:35 बजे वे जिंदगी की जंग हार गए। आज शाम हुए उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता, उद्यमी और समाजसेवी शामिल हुए। काफी समय से जिंदगी की जंग लड़ रहे सुरेश डुलानी का आज दोपहर निधन हो गया। वे अपने पीछे धर्मपत्नी, पुत्र रवि डुलानी, पुत्रवधू और नाती-पोतों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। स्वर्गीय सुरेश डुलानी प्रसिद्ध एमडी मेडिसिन चिकित्सक डॉ. एमडी दुलानी के छोटे भाई और व्यवसाय जगत से जुड़े राजकुमार और संजय डुलानी के बड़े भाई थे। आज शाम 5:00 बजे लालबाग हाउसिंग बोर्ड स्थित निवास स्थान से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई और लखोली स्थिति मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया। लोगों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

### शहर में शोक की लहर

सुरेश डुलानी भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूज्य सिंधी पंचायत, गौशाला पिंजरा पोल, उदयाचल, राम दरबार समिति, चेंबर ऑफ कॉमर्स जैसी अनेक सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं से जुड़े रहे। उल्लेखनीय है कि सुरेश डुलानी को भाजपा के कद्दावर नेताओं में गिना जाता था। कुछ समय से वे सक्रिय राजनीति से दूर थे लेकिन सन 80 और 90 के दशक में पार्टी के भीतर उनका भारी दबदबा था। सत्ता प्राप्ति के संघर्ष में भाजपा के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय रहा। छत्तीसगढ़ राज्य बनने और भाजपा की सरकार आने के बाद देश और प्रदेश के बड़े नेताओं से उनके संपर्क और घनिष्ठ हो गए थे।

### शोकसभा में लोगों ने दी श्रद्धांजलि

अंतिम संस्कार में वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक शर्मा, खूबचंद पारख, सुरेश लाल, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, रमेश पटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता, समाजसेवी, उद्योगपति और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मुखाग्नि उनके सुपुत्र रवि डुलानी ने दी। अंतिम संस्कार के बाद मुक्तिधाम में हुई शोक सभा में स्वर्गीय डुलानी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके निधन को सिर्फ पूज्य सिंधी पंचायत ही नहीं बल्कि हरेक समाज, सेवाभावी संस्थाओं और भाजपा के लिए बड़ी क्षति बताया गया।

## कलेक्टर ने नायब तहसीलदार कार्यालय तुमड़ीबोड़ का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने सोमवार को नायब तहसीलदार कार्यालय तुमड़ीबोड़ का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील में दर्ज सभी राजस्व प्रकरणों के शीघ्र एवं समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश नायब तहसीलदार को दिए।

कलेक्टर श्री यादव ने पूर्व में आदेश पारित प्रकरणों का अवलोकन किया तथा ई-कोर्ट एवं भुइयां पोर्टल में ऑनलाइन दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पटवारी को दूरभाष के माध्यम से आदेश पारित होने के एक दिवस के भीतर राजस्व अभिलेखों में रिकॉर्ड दुरूस्तीकरण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नायब तहसीलदार को सभी पटवारियों से समय पर पटवारी प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रकरणों का नियमानुसार एवं निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही तहसील क्षेत्र में दर्ज सभी समय-सीमा बाह्य सीमांकन प्रकरणों का निराकरण आगामी दो दिनों के भीतर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों से उनके आवेदन पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### पूनम तिवारी को वुमनिया-2026 सम्मान से सम्मानित किया गया



**हरिभूमि कवर्धा।** लावण्या फाउंडेशन रायपुर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वुमनिया-2026 का भव्य आयोजन में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करना तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का आयोजन संदीप शर्मा (अध्यक्ष, लावण्या फाउंडेशन) के नेतृत्व में किया गया, जिसमें प्रदेश के अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। इस अवसर पर कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल भालुचुवा में विज्ञान व्याख्याता की पद पर पदस्थ श्रीमती पूनम तिवारी को उनके शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, समर्पण, नेतृत्व, नवाचारी शिक्षण, कला तथा समाज में सकारात्मक योगदान के लिए वुमनिया-2026 महिला सम्मान से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में जिले का प्रतिनिधित्व केवल श्रीमती पूनम तिवारी ने ही किया, जो जिले के लिए गर्व का विषय रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्याम बिहारी जायसवाल (स्वास्थ्य मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन) तथा पुरंदर मिश्रा (विधायक, रायपुर उत्तर) विशेष रूप से उपस्थित थे। दोनों अतिथियों द्वारा श्रीमती पूनम तिवारी को प्रशस्ति-पत्र एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया तथा उनके कार्यो की सराहना की गई। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कुल 51 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मान देते हुए समाज में उनके योगदान को रेखांकित किया गया।

### भाजपा जिला कवर्धा की कार्यकारिणी सूची जारी







**हरिभूमि कुण्डा।** शनिवार को जिला भाजपा की जंबो कार्यकारिणी की सूची महामंत्री एवं कार्यालय प्रभारी मुकेश सिंह ठाकुर ने जारी की प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किरण सिंह देव के सहमति से एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय दुर्ग संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही कवर्धा जिला संगठन प्रभारी महेश वर्मा के अनुसंशा पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने भाजपा के विस्तार करते हुए जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं स्थायी-विशेष आमंत्रित सदस्य की घोषणा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के सहमति से जिला महामंत्री एवं कार्यालय प्रभारी मुकेश ठाकुर ने सूची जारी कर की गई। जिसमें राजेंद्र चंद्रवंशी ने अपने कार्यकारिणी में जिसमे 73 कार्यकारिणी सदस्य, 17 स्थाई आमंत्रित, स्थायी सदस्य 35 विशेष आमंत्रित सदस्य की नियुक्ति की है। जिसमें कुण्डा मण्डल से 5 भाजपा कार्यकर्ताओ को जगह दी गई, जिसमें ओम यदु एवं रामस्वरूप साहू को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है एवं रामकुमार चंद्राकर, मनोज ठाकुर एवं संतोष चंद्रवंशी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है, उनके नियुक्ति की खबर सामने आते ही भाजपा मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल व्याप्त है। भाजपा मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ताओं, युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं, महिला मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, महिला मोर्चा, अजा मोर्चा, अजजा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी सभी ने अपने नए दायित्व मिलने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।

### राजपूत समाज की बैठक व होली मिलन संपन्न



**हरिभूमि पंडरिया।** राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादह उपसमिति पंडरिया की बैठक रविवार दोपहर नगर के महाराणा प्रताप मंगल भवन में आयोजित की गई। जिसमें समाज के विभिन्न गतिविधियों के संबंध में चर्चा किया गया। बैठक में केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक विगत दिनों 22 फरवरी के निर्णय का वाचन सचिव रविकांत द्वारा किया गया। जिस पर सदस्यों की राय लेकर सुझाव मांगे गए। आम जलसा में प्राप्त राशि के आय-व्यय विवरण प्रस्तुत उपसमिति के कोषाध्यक्ष अनिरुध्द सिंह ठाकुर, किया गया साथ ही समाज में शिक्षा, रोजगार सहित अन्य गतिविधियों पर चर्चा किया गया। वहीं होली मिलन कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक लोगों ने एक-दूसरे पर गुलाल लगाकर होली मनाया तथा बड़ों का आर्शीवाद प्राप्त किया। वहीं होली मिलन के अवसर पर उपसमिति के अध्यक्ष प्रशांत सिंह चौहान, सचिव रविकांत व युवा अध्यक्ष प्रशांत सिंह बैस द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को महाराणा प्रताप का तैलचित्र प्रदान किया गया।

### हरिनछपरा में मूलभूत बुनियादी समस्याओं को लेकर परिचर्चा बैठक आयोजित

**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत हरिनछपरा के निवासियों ने गांव में सामूहिक बैठक कर सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक व धार्मिक-शिक्षा की मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मांग और चर्चा किया गया, ताकि गांव के लोगों को बुनियादी सुविधा समय पर उपलब्ध मिल सके। ग्राम हरिनछपरा निवासी जलेश्वर बघेल ने बताया कि गांव के नाम रौशन के लिए प्रवेश द्वार निर्माण कराया जाए और वही हरिनछपरा चौक नेशनल मार्ग पर सामुदायिक भवन जर्जर भवन को डिसमेंटल कर मॉडल जैतखाम का निर्माण किया जाए ताकि गांव का नाम रौशन हो सके। वही श्रीमती सुरूज बघेल महिला ने समस्या लेकर चर्चा की गई की प्रमुख तालाब की सुंदरीकरण किया जाए, ताकि गांव का निस्तारी बरसात और गर्मी के समय में निजात मिल सके। गोरेलाल सिन्हा ने बताया कि प्रमुख तालाब से मिडिल स्कूल तक कच्ची सड़क की सीसी निर्माण किया जाए, क्योंकि गर्मी के समय में धूल-गुब्बारे जैसे कंकड़-पत्थर उड़ते रहते हैं और वही बरसात के समय में कीचड़ से लथपथ हो जाते हैं, जिससे स्कूली बच्चे को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ताकि गर्मी और बरसात के समय में स्कूली बच्चों सहित ग्रामीणों को लाभ मिल सके। कली भारती ने बताया कि मिडिल स्कूल में बाउंड्रीवॉल का अभाव है, जिनके कारण से असामाजिक तत्वों के लोग और घुमंतू मवेशिओ का डेरा रहते हैं और मिडिल स्कूल परिसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए सांस्कृतिक मंच निर्माण किया जाए, ताकि स्कूली बच्चे अपनी प्रतिभा को शानदार प्रस्तुति 15 अगस्त और 26 जनवरी को कर सके। राहुल साहू ने बताया कि गौठान परिसर को कांक्रीट किया जाए ताकि बरसात के समय में मवेशियों को बरसात की कीचड़ से राहत मिल सके, राजू चतुर्वेदी ने बताया कि गांव में सौर ऊर्जा, गली-मोहल्ले में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था पहले किया गया था अब वर्तमान में बंद हो चुके हैं इसे मरम्मत और सुधार कर प्रकाश की व्यवस्था की जाए ताकि गांव में रोशनी और गली-मोहल्ले में प्रकाशवान हो सके।

## प्रदेश स्तर पर जल्द से जल्द करेंगे समस्या का समाधान: मंत्री

# विधायक ने वन अधिकार पट्टा वितरण में हो रहे विलंब के विषय में किया सदन का ध्यानाकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सोमवार को सदन में वनांचल एवं बैगा आदिवासी व ग्रामीण किसानों के हित के अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों को सदन के समक्ष रखा, वहीं वन अधिकार पट्टा वितरण में हो रहे विलम्ब से किसानों को आर्थिक व मानसिक रूप से हो रही परेशानी के विषय में विधानसभा सदन का ध्यानाकर्षण किया। वन अधिकार पट्टा वितरण में हो रहे विलंब से आदिवासी व वनांचल क्षेत्रों में किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिलने एवं अपनी फसल बेचने में हो रही समस्या के प्रति भावना बोहरा ने ध्यानाकर्षण में महत्वपूर्ण आंकड़े प्रस्तुत करते हुए विस्तार से इस विषय को रखा।

चर्चा के दौरान आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि वन अधिकार पट्टा से संबंधित प्रदेश में जितने भी प्रकरण लंबित हैं उनकी पुनः जांच की जाएगी और वन अधिकारी पट्टा समय पर वितरण करना सुनिश्चित किया जाएगा साथ ही इसमें आने वाली त्रुटियों को जल्द से जल्द दूर कर पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टा दिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

भावना बोहरा ने सदन का ध्यानाकर्षण करते हुए कहा कि वन में रहने वाला व्यक्ति अगर अपनी ही जमीन का मालिक न बन सके, तो वन अधिकार कानून का उद्देश्य अधूरा रह जाता है। जिन लोगों ने पीढ़ियों से जंगल की रक्षा की आज वही अपने अधिकार के लिए भटक रहे हैं। वन अधिकार पट्टा केवल जमीन का कागज नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के सम्मान और सुरक्षा का अधिकार है। अगर पात्र परिवारों को पट्टा नहीं मिलेगा, तो सरकार की योजनाओं का लाभ भी उन तक नहीं पहुंच पाएगा। सरकार को चाहिए कि लंबित और निरस्त दावों की पुनः समीक्षा कर जल्द से जल्द पात्र लोगों को उनका अधिकार दे। यह केवल एक जिला नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के वनांचल एवं आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत लाखों किसानों के हित का विषय है। उन्होंने इस विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सूचना के अधिकार के तहत एक रिपोर्ट के अनुसार वन अधिकार अधिनियम के तहत आवंटित कुल वन क्षेत्र में छत्तीसगढ़ प्रदेश की हिस्सेदारी देश में सर्वाधिक 43 प्रतिशत है। प्रदेश में अब तक लगभग 5.05 लाख से अधिक वन अधिकार पट्टा वितरित किया गया है जो लगभग 97.63 लाख एकड़ भूमि को कवर करता है। जिसमें से मई 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार राज्य के 30 जिलों में 4.82 लाख व्यक्तिगत और 4,396 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पट्टा वितरित किया गया है। राज्य में अब तक 8.56 लाख से अधिक व्यक्तिगत वन अधिकार दावे प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 4.62 लाख लगभग 52 प्रतिशत दावों को विभिन्न कारणों से अस्वीकृत या निरस्त कर दिया गया है। इन लंबित दावों के कुछ प्रशासनिक व नियम भी इसे प्रभावित कर रहें हैं जो आदिवासी एवं वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले किसानों को समस्यों का सामना करना पड़ रहा है। अधिनियम के अनुसार 13 सितंबर 2005 से पहले 75 वर्षो का रिकॉर्ड वहां के निवासी होने के लिए प्रस्तुत करना होता है जो कि अधिकांश लोगों के पास इतने पुराने लिखित दस्तावेज पेश नही कर पाते हैं, जिससे आवेदन लंबित या निरस्त हो जाते हैं। इसके साथ ही ग्राम सभा और प्रशासनिक समन्वय, तकनीकी और भौगोलिक बाधाएं, डिजिटलीकरण की धीमी गति, वन और राजस्व विभाग के बीच स्वामित्व को लेकर संशय और जागरूकता की कमी भी इसके मुख्य कारण है।

### आर्थिक व मानसिक नुकसान हो रहा



भावना बोहरा ने कबीरधाम जिला के सन्दर्भ में बताया कि जिले में लगभग 10519 आवेदन इसलिए निरस्त किए गए हैं कि उनके पास 13 दिसंबर 2005 के पूर्व कब्जा संबंधी साक्ष्य नही थे। तो यह चिंतनीय है कि प्रदेश भर में कितने आवेदन निरस्त किए गए होंगे। वहीं पंडरिया विधानसभा में कुल 1817 आवेदन में 216 आवेदन कब्जा व अधिनियम के तहत 09 बिन्दुओ की जांच में विभिन्न दस्तावेजों की कमी के कारण निरस्त किए गए हैं। तथा पात्र 1601 लाभार्थियों में से अब तक पूर्ण रूप से धीमी प्रक्रिया के चलते वितरण सम्भव नही हो पाया। इससे हो रही परेशानी का उल्लेख करते हुए भावना बोहरा ने बताया कि किसानों के भूमि स्वामी के रूप में पंजीयन नही होने की वजह से फसल बीमा, डीबीटी आधारित कृषि योजनाओं का उन्हें लाभ नही मिल रहा है, वहीं इनपुट सब्सिडी से भी वे वंचित हो रहें हैं। कई जिलों में निवासरत आदिवासी, बैगा जनजाति एवं वन निवासियों को पट्टा नही मिलने के कारण न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपना धान नही बेच पा रहें और कम दामों पर उन्हें निजी व्यापारियों को अपना धान बेचने बाध्य हो रहें हैं जिससे उन्हें आर्थिक व मानसिक नुकसान हो रहा है। प्रदेश में एग्री-स्टैक और किसान डेटाबेस के एकीकरण में भूमि रिकॉर्ड लिंक अनिवार्य किया गया है। (वन अधिकार अधिनियम) पट्टा लंबित होने के कारण बड़ी संख्या में किसानों का एग्री-स्टैक में पंजीयन नहीं हो रहा।

## पदोन्नति पर संकुल समन्वयक राम सिंह साहू का किया भव्य सम्मान, दी गई विदाई

- अतिथियों द्वारा श्री साहू का पुष्पमाला, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



पथर्रा संकुल में संकुल समन्वयक राम सिंह साहू के पदोन्नति उपरांत विदाई व सह-सम्मान समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने श्री साहू के शिक्षा क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। राम सिंह साहू ने माध्यमिक शाला पथर्रा में वर्ष 2009 से 2026 तक अपनी सेवाएं प्रदान कीं। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, विद्यार्थियों को प्रेरित करने तथा विद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कार्यो को संकुल के शिक्षकों एवं क्षेत्र के लोगों द्वारा हमेशा सराहा गया।

कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य नरेंद्र कश्यप, प्रधान पाठिका चंद्रमौली शर्मा, कपूर राम चंद्रवंशी, एलवीना विलसन, हुक्मीचंद धुर्वे, उग्रदास लहरे, विनोद चंद्रवंशी, उत्तरा धुर्वे, राजेंद्र निर्मलकर, शिक्षक प्रेमिश शर्मा, भागवत साहू, रोहित साहू, कौशल खांडे, प्रताप मंडलोई, विजय कुमार झारिया, पूर्व सरपंच रोशन सिंह परिहार, दानेश्वर सिंह परिहार तथा एसएमसी अध्यक्ष विनेश सिंह परिहार सहित अनेक शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थें। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राम सिंह साहू ने संकुल समन्वयक के रूप में अपने कार्यकाल में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालयों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके नेतृत्व और सहयोग से संकुल में शैक्षणिक गतिविधियों को नई दिशा मिली।

कार्यक्रम के अंत में राम सिंह साहू ने अपने उद्बोधन में सभी साथियों, शिक्षकों और अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पथर्रा संकुल में बिताया गया समय उनके जीवन की अमूल्य स्मृतियों में रहेगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए समर्पित भाव से कार्य करते रहने का आह्वान किया। समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों द्वारा श्री साहू का पुष्पमाला, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

## गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से उज्जवला उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती महंगाई के चलते सभी वर्ग को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं घरेलू गैस सिलेंडर का दाम बढ़ने से उज्जवला उपभोक्ताओं को अतिरिक्त दाम बढ़ने से परेशानियां और बढ़ गई है। प्रदेश की शासन हो यह केंद्र की सरकार उज्जवला उपभोक्ताओं को 500 रूपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया गया था, लेकिन 500 रूपए तो दूर की बात है बढ़ती महंगाई के कारण लगातार दाम में बढ़ोतरी किया जा रहा है। बताया जाता है कि एक तो बढ़ती महंगाई से पहले से ही आम नागरिक परेशान हैं, ऊपर से घर-घर में महिलाओं द्वारा उज्जवला उपभोक्ताओं का गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है जिसमें आज 60 का अतिरिक्त दाम बढ़ने से उज्ज्वला उपभोक्ताओं के महिलाओं के लिए सर दर्द बना हुआ है।

## गिरधारी-कापा में भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन की अनूठी कार्यशाला आयोजित



- तीन दिवसीय जनजातीय कला प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

जब हाथों में हुनर और मन में अपनी माटी को सहेजने का संकल्प हो, तो साधारण सा सुपा भी कैनवास बन जाता है। गत दिनों 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मांगलिक अवसर पर तीन दिवसीय जनजातीय कला प्रशिक्षण का आयोजन ग्राम गिरधारी-कापा में कुछ ऐसा ही दृश्य जीवंत हो उठा है।

भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय जनजातीय भोरमदेव बैगा आर्ट एवं गोंड पेंटिंग प्रशिक्षण शिविर ने लोक कला की विलुप्त होती परंपराओं में नए प्राण फूंक दिए हैं। बांस की कलाकारी और रंगों का आदिम राग ने प्रशिक्षण शिविर में ग्रामीण महिलाओं की उंगलियां जब बांस की खपच्चियों और प्राकृतिक रंगों को छूती हैं, तो सदियों पुरानी संस्कृति सजीव हो उठती है। फाउंडेशन के मार्गदर्शक बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा के सानिध्य में प्रशिक्षक प्रभात विश्वकर्मा और दिव्या विश्वकर्मा महिलाओं को केवल पेंटिंग नहीं, बल्कि अपनी विरासत को सहेजने का मंत्र दे रहे हैं। यहां सुपा की बुनावट पर बाघों की दहाड़, हिरणों की चौकड़ी, गगनचुंबी चील और हाथियों की गरिमा के साथ-साथ जनजातीय जीवन के दैनिक संघर्षों और उत्सवों को कलात्मक रूप से उकेरा जा रहा है।

कार्यशाला की सूक्ष्म बारीकियों का अवलोकन करते हुए फाउंडेशन की सहायक डायरेक्टर सुश्री तान्या मरावी ने वीडियो कॉल के माध्यम से बहनों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि नारी सृजन की जननी है और जब वह अपनी कला को थामती है, तो संस्कृति अमर हो जाती है। कबीरधाम जिला अध्यक्ष लीलाधर नेताम एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी इस कला-यज्ञ की सराहना करते हुए महिलाओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## गोलू यादव विधायक प्रतिनिधि नियुक्त, समाज में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



नगर पालिका परिषद कवर्धा क्षेत्र के लिए गोलू यादव को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर यादव समाज में हर्ष जताया। इस अवसर पर अंबेडकर चौक स्थित सर्व यादव समाज भवन में समाज के लोगों ने स्वागत व सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए, कार्यक्रम में समाज के लोगों ने फूल-माला पहनाकर और पारंपरिक तरीके से डिप्टी सीएम व गोलू यादव का स्वागत किया गया। समाज के सदस्यों ने कहा कि उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में मदद मिलेगी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यादव समाज लगातार हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। शिक्षा के साथ साथ राजनीति क्षेत्र में भी सक्रियता बढ़ी है। गोलू यादव ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। क्षेत्र के विकास और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार प्रयास करते रहेंगे। कार्यक्रम में यादव समाज के अनेक वरिष्ठ सदस्य, युवा और महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### सद्गुरु कबीर मानिकपुरी-पनिका समाज का होली-मिलन समारोह



**हरिभूमि कवर्धा।** सद्गुरु कबीर मानिकपुरी-पनिका समाज कवर्धा के तत्वाधान में होली पर्व के पावन अवसर पर होली मिलन समारोह होली के रंग, कबीरधाम के संग कार्यक्रम का आयोजन कबीर कुटी, कैलाश नगर कवर्धा में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन सद्गुरु कबीर साहेब एवं पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनि नाम साहेब तथा पंथ श्री हुजूर उदितमुनि नाम साहेब के आर्शीवाद एवं मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी उपस्थित थें, कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि प्रवीण शर्मा, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष मानिकपुरी पनिका समाज नरेंद्र दास मानिकपुरी ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में पार्षद योगेश चंद्रवंशी, डोनेश ठाकुर और गोवर्धन साहू उपस्थित थें। होली मिलन कार्यक्रम के दौरान विश्व महिला दिवस के अवसर पर समाज के महिलाओं का मोमेंटो व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं महिलाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। होली मिलन समारोह के दौरान भजन, सत्संग, सामाजिक एकता एवं आपसी सद्भाव का संदेश दिया गया। उपस्थित अतिथियों ने समाज की एकता, संस्कृति और परंपरा को बनाए रखने पर जोर दिया तथा युवा पीढ़ी को समाज के संस्कारों से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन सद्गुरु कबीर युवा मानिकपुरी-पनिका समाज एवं आमिन माता महिला मंडल कवर्धा के संयुक्त सहयोग से किया गया। आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## खबर संक्षेप



### अंतराष्ट्रीय महिला दिवस शिविर आयोजित

**बोड़ला।** वृहद महतारी वंदन सम्मेलन शिविर एवं अंतराष्ट्रीय महिला दिवस शिविर गत 08 मार्च 2026 को परियोजना कार्यालय परिषर तारेगाव जंगल मे आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित व पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री के वृहद महतारी वंदन एवं अतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उद्बोधन का ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर श्रवण किया। शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं महतारी वंदन अंतर्गत प्राप्त राशि का सदुपयोग करने वाली महिलाओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रुपसिंह धुर्वे जिला पंचायत सदस्य, मोहन धुर्वे मण्डल अध्यक्ष, लाला धुर्वे जनपद सदस्य, रमेश मेरावी जनपद सदस्य, तुलसी सुरखिया जनपद सदस्य प्रतिनिधि, शिवनाथ मेरावी सरपंच तरेगांव जंगल, नेहरू गड़ेवाल सरपंच दुर्जनपुर, रामसिंह बैगा सरपंच कुकरापानी, तिहारी साकत (ण्डल उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, तेजराम जैन वरिष्ठ कार्यकर्ता, दिलीप नायक (डिप्टी सीएम कार्यालय प्रभारी, घुरुवा नागेश, बुधारी श्याम, रामप्रसाद मेरावी, दर्शन यादव एवं गणपति यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

### उद्योग एवं बैंकर्स मीट का किया गया आयोजन

**कवर्धा।** रैम्प योजना अंतर्गत उद्योग और बैंकर्स मीट कार्यक्रम का आयोजन हॉटल रॉयल सेलिब्रेशन कवर्धा में किया गया। कार्यशाला में विभिन्न उद्योग संघ के अध्यक्ष उद्योग स्वामी उद्यमी जिला अग्रणी बैंक अधिकारी बैंक से शाखा प्रबंधक विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में शासन के विभिन्न संचालित योजनाओ की जानकारी व बैंको द्वारा वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। रैम्प योजना अंतर्गत उद्योग और बैंकर्स मीट आयोजन कार्यक्रम में लगभग 51 प्रतिभागी उपस्थित हुए।

### स्वयं सेवकों को दिलाई गई राष्ट्र सेवा की शपथ

**स.लोहारा।** शासकीय गजानंद माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की श्री सर्टिफिकेट परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में पूर्व स्वयंसेवकों को राए सेवा की शपथ दिलाई गई और समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर बेमेतरा व कबीरधाम जिले की राय जिला संगठक व महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. केएस परिहार ने कहा कि शिक्षा द्वारा समाज सेवा और समाज सेवा के माध्यम से शिक्षा ही राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि स्वयंसेवक दो वर्षों तक एनएसएस की विभित्र गतिविधियों में भाग लेकर समाज सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का विकास करते हैं। राजनांदगांव के पूर्व रासेयो जिला संगठक डॉ. सुरेश पटेल ने स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा के लिए शपथ दिलाते हुए देश को विकसित और वैभवशाली राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया।

**अनदेखी: मनरेगा काम पूरा, पर खाते खाली, सरकारी दावों की खुली पोल**

# तीन माह से पेंशन और मजदूरी के लिए भटक रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

प्रदेश में एक ओर जहां विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अंचल के ग्रामीण इलाकों से बदहाली की तस्वीरें सामने आ रही हैं। शासन की खस्ता माली हालत का सीधा असर अब समाज के सबसे कमजोर वर्ग पर पड़ने लगा है। पिछले तीन महीनों से वृद्धों और निराश्रितों को उनकी पेंशन नहीं मिली है, जिससे उनके सामने जीवनयापन का संकट खड़ा हो गया है। अंचल के बुजुर्गों और निराश्रितों का कहना है कि वे हर दिन बैंक और कियोस्क सेंटरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। तीन महीनों से पेंशन का भुगतान न होने के कारण दवाइयों और राशन तक के लिए उन्हें दूसरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। सरकार की खस्ता आर्थिक स्थिति का एक और प्रमाण मनरेगा के भुगतान में हो रहा विलंब है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायतों में कराए गए निर्माण कार्यों की मजदूरी का भुगतान महीनों से लंबित है। कोदवा गोड़ान के मजदूरों ने बताया कि दिसंबर माह में चेक डेम निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। काम खत्म हुए महीनों बीत गए, लेकिन मजदूरी की राशि आज तक उनके बैंक खातों में नहीं पहुंची है।अंचल की प्रत्येक ग्राम पंचायत की यही कहानी है।

**योजनाओं की जमीनी हकीकत देख लोगों में बढ़ रहा असंतोष**



क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार वैसे ही सुस्त है। पंचायतों में चुनावों के बाद से ही निर्माण एवं विकास कार्य लगभग ठप हैं। यदि मनरेगा मद से इक्का-दुक्का छोटे काम शुरू भी किए जाते हैं, तो भुगतान में हो रही देरी, मजदूरों का उत्साह तोड़ रही है। मजदूरों का कहना है कि हाथ तो काम कर रहे हैं, पर पेट को मजदूरी का इंतजार है। पेंशन और मजदूरी न मिलने के कारण ग्रामीणों में सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ असंतोष पनप रहा है। लोगों का कहना है कि चुनाव के समय बड़े वादे करने वाले नेता अब उनकी सुध लेने को तैयार नहीं हैं।

# जुआ खेलते तीन आरोपी गिरफ्तार, बाकी फरार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पुलिस ने ग्राम मोतिमपुर में जुआ खेलते रंगे हाथों तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से नगदी रकम, ताश की गड्डी और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की है। पंडरिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पंडरिया पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मोतिमपुर में आनंद बघेल के घर के सामने सार्वजनिक स्थान पर कुछ लोग ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने तीन जुआरियों को रंगे हाथों जुआ खेलते पकड़ लिया, जबकि कुछ आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पकड़े गए आरोपियों में आनंद बघेल आयु 37 वर्ष, राज भास्कर आयु 21 वर्ष और धन्नू बघेल आयु 33 वर्ष शामिल हैं, सभी ग्राम मोतिमपुर थाना पंडरिया जिला कबीरधाम के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 7220 रुपए नगद, 52 पत्ती ताश की गड्डी और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170 के तहत भी पृथक से कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई जारी है।

# कवर्धा के नाबालिग बैगा की संदिग्ध मौत पर उठे सवाल

## मारपीट के वॉयरल वीडियो ने घटना को किया उजागर



- परिजनो ने लगाया बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

होली से ठीक पहले घर से लापता हुए विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम कुकरापनी निवासी 17 वर्षीय नाबालिग अमर लाल सिंह बैगा की संदिग्ध मौत ने ग्राम कुकरापानी और बरखेड़ा गांव में सनसनी मचा दी है।

सोशल मीडिया में वायरल हुए वीडियो में दिखाई दे रही बेरहमी से की गई पिटाई ने मामले को और गंभीर बना दिया है। बताया जाता है कि पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश की पुलिस ने शुरुआती तौर पर शव को लावारिस मानकर दफन कर दिया था, लेकिन परिजनों और स्थानीय आदिवासी समुदाय ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोबारा पोस्टमार्टम की मांग की है।

जानकारी के अनुसार कबीरधाम जिला अंतर्गत विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कुकरापानी निवासी अमर लाल सिंह बैगा गत 18 फरवरी को बिना बताए घर से लापता हो गया था। लंबे समय तक खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला। होली के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में कुछ ग्रामीणों द्वारा उसकी हाथ-पैर बांध कर बेरहमी से पिटाई करते हुए देखा गया। अमर लाल के परिजनों ने पुष्टि की है कि यह उनके बेटे का वीडियो है। वहीं इस संबंध में मध्यप्रदेश की पुलिस के अनुसार, अमर लाल को बरखेड़ा गांव में बच्चा चोरी के शक में बंधक बनाया गया था और उसके साथ मारपीट की गई थी। बाद में घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन एमपी पुलिस की दलील है कि कुछ समय बाद वह अस्पताल से कहीं चला गया।

बाद में सड़क पर किसी अज्ञात वाहन की ठोकर से उसकी मौत हो गई। पहचान न होने पर पुलिस ने शव को लावारिस मानकर दफन कर दिया।

### मामले की सूक्ष्म जांच व पुनः पीएम की मांग

मृतक के परिजन सड़क दुर्घटना के इस दावे को खारिज करते हुए बता रहे हैं कि वायरल वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि उनकी अमरलाल को ग्रामीणों ने पीटा, और इसी पिटाई के कारण उसकी मौत हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ स्थानीय लोगों ने जानबूझकर हत्या की और मामले को दबाने का प्रयास किया। मृतक के परिजनो ने शव को बाहर निकालकर फॉरेंसिक जांच और पोस्टमार्टम की मांग की है। इस घटना ने पूरे कबीरधाम जिले में आदिवासी समुदाय और स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है। सभी प्रशासन से मामले की पारदर्शी और निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मध्यप्रदेश पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया है।

### प्रधानमंत्री जनमन आवास को समय पर पूर्ण करने पर जोर

**कवर्धा।** प्रधानमंत्री जनमन आवास के तहत हितग्राहियों को लगातार लाभान्वित किया जा रहा है। प्रशासनिक जानकारी के मुताबिक हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ मिले इसके लिए जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। मैदानी कर्मचारी प्रतिदिन अपने क्षेत्र का भ्रमण कर आवास निर्माण के लिए ग्रामीणों को प्रेरित कर रहे हैं। तो वही दूसरी ओर जिले के वरिष्ठ अधिकारी रात्रि चैपाल के माध्यम से वनांचल क्षेत्रों में ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर रहे हैं। दूरस्थ अंचलों में कार्य की गुणवत्ता एवं समय पर भुगतान के लिए नियमित समीक्षा की जा रही है।

# गुरुकुल स्कूल ने किया मातृशक्ति का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जनपद में शिक्षा एवं संस्कार को ध्येय मंत्र के रूप में अंगीकार करने वाली शिक्षण संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल, कवर्धा हमेशा अपने सामाजिक सरोकारों एवं भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखते हुए विविध कार्यक्रमों का आयोजन करता है, जिससे विद्यालय के नन्हे मुन्ने ननिहाल उनसे प्रेरित हो सकें। इसी कड़ी में विद्यालय के सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी कक्षा से उच्चतर कक्षाओं की शिक्षिकाओं का ही सम्मान नही किया गया अपितु विद्यालय के विभिन्न विभागों यथा मैस की दीदियों बस परिचारिका दीदीओं तथा परिचारिका दीदीओं का भी समवेत भाव से सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी पीजीटी हिंदी डॉक्टर विजय कुमार शाही ने बताया कि शाला के प्राचार्य मनोज कुमार राय के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के वरिष्ठ पदाधिकारीगण




थे। सर्वप्रथम शाला प्रबंधन समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी गण एवं वरिष्ठ शिक्षिकाओं के द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन-वंदन किया गया। प्राचार्य ने सभी का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने इस आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में मातृशक्ति का विशेष महत्व है। महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। इनका सम्मान करके गुरुकुल ने इनके प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गई जिसे सभी ने मुक्त कंठ से सराहा। शिक्षिकाओं एवं विद्यालय में कार्यरत दीदीओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस विशेष अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारीगण ने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए आशा व्यक्त किया कि गुरुकुल नारी शक्ति की अप्रतिम प्रतिभा एवं समुचित मार्गदर्शन में अपने शैक्षिक व सांस्कारिक उद्देश्य को निश्चित ही प्राप्त करेगा।

### बैरख माध्यमिक विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन



**हरिभूमि/बोड़ला।** वनांचल में स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय बैरख के प्रांगण में सोमवार को कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों के द्वारा कक्षा आठवी के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। सर्व प्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य सोहन कुमार यादव ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा को एक उत्सव के तरह मान कर खुशी के साथ दिलाने कहा एवं सभी बच्चों को परीक्षा में सफल होने की शुभकामनाएं दी। कक्षा आठवी के विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय में अध्यापन के अनुभव को साझा किया। कक्षा सातवी के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर को पेन भेंट किए एवं परीक्षा में सफल होने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सरपंच सुधारी मसराम, व्याख्याता संजय कुमार जायसवाल, प्रेमलता ठाकुर, संकुल समन्वयक तीज राम विश्वकर्मा, चमेश रावटे, केशव प्रसाद भारद्वाज एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

### नामदेव सामाजिक भवन में होली मिलन समारोह आयोजित



**हरिभूमि/कवर्धा।** नगर के भोजली तालाब के पास स्थित नामदेव सामाजिक भवन में रंग पंचमी के अवसर पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रंगों के इस उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम के दौरान डीजे और नगाड़े की ताल पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। एक-दूसरे को लाल, पीला, हरा और नीला रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और प्रेम, भाईचारे तथा सामाजिक एकता का संदेश दिया। इसके साथ ही महिलाओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर त्योहार की खुशियां साझा कीं और आपसी स्नेह व सौहार्द को और मजबूत किया। पूरे परिसर में रंग-गुलाल, संगीत और खुशियों का माहौल देखने को मिला। महिला टीम की सदस्यों ने बताया कि नामदेव सामाजिक भवन में समाज की गतिविधियां लगातार संचालित होती रहती हैं। प्रत्येक माह समाज की बैठक आयोजित की जाती है, जिसके पश्चात धार्मिक वातावरण में रामायण पाठ का आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही हिंदू धर्म से जुड़े विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं, जिनमें समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी रहती है। महिलाओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और एकजुटता को मजबूत करते हैं। होली और रंग पंचमी जैसे त्योहार लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ आने और खुशियां साझा करने का अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर नामदेव समाज कल्याण समिति के पदाधिकारी, महिला टीम की सदस्याएं तथा समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर रंग पंचमी और होली के इस पर्व को यादगार बनाया।

**जनभागीदारी के साथ जल संरक्षण का संदेश, नलजल योजना का पंचायत को हस्तांतरण**

# जुनवानी में जल उत्सव पखवाड़ा एवं जल अर्पण दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जिला कबीरधाम के कार्यपालन अभियंता डीएस राजपूत के मार्गदर्शन में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन कबीरधाम के तत्वाधान में विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत कंटगीकला अंतर्गत ग्राम जुनवानी में जल जीवन मिशन के तहत जल उत्सव पखवाड़ा एवं जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 08 मार्च से 22 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले जल उत्सव पखवाड़ा का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित नलजल योजना को ग्राम पंचायत को औपचारिक रूप से हस्तांतरित करना, योजना के संचालन एवं संधारण में ग्राम पंचायत तथा ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना, हर घर जल योजना की



उपलब्धि का उत्सव मनाना तथा स्थानीय स्तर पर योजना के स्वामित्व को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत ग्रामवासियों, स्कूली बच्चों, शिक्षकगण एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली से हुई। रैली के माध्यम से जल संरक्षण, स्वच्छ पेयजल एवं जल के विवेकपूर्ण उपयोग के संबंध में जनजागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों विशेषकर महिलाओं द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित परिसंपत्तियों जैसे पानी टंकी, बोर पंप, स्विच रूम तथा घरेलू नल कनेक्शनों का पूजा-अर्चना कर जलबंधन (पवित्र धागा) किया गया। कार्यक्रम में कला जत्था के माध्यम से जल जीवन मिशन, जल संरक्षण एवं जनभागीदारी का संदेश देते हुए लोकगीत, लोकनृत्य तथा नुक्कड़ नाटक की प्रभावी प्रस्तुति दी गई। इसके अतिरिक्त एफटीके किट के माध्यम से ग्राम के पेयजल स्त्रोतों की जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रदर्शन कर ग्रामीणों को पानी की जांच की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों द्वारा जल जीवन मिशन एवं जल उत्सव पखवाड़ा कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी गई तथा ग्रामीणों को पेयजल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने, जल के संरक्षण तथा नलजल योजना के संचालन-संधारण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

# महुआ के चक्कर में लगाई जा रही जंगलों में आग, वन विभाग से कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के वनांचलों में महुआ की उपज तैयार और मार्च माह में ही लगातार बढ़ रही तपिश के बीच एक बार जिले के जं ग ल सुलगने लगे हैं। बताया जाता है कि सोमवार को जिले के विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ग्राम सेदूर खार, देवान पटपर के जंगलों में आग की लपटें और धुंआ उठते देखा गया। जिससे स्पष्ट होता है कि जंगल में आग भड़की है। स्थिति परिस्थिति को देखते हुए इस बात की आशंका जताई जा रही है कि जंगलों में महुआ की उपज तैयार होने के बाद कुछ संग्रहणकर्ताओं द्वारा जानबूझकर महुआ पेड़ के नीचे आग लगाई जा रही है जो मार्च माह के मध्य में पड़ रही गर्मी के चलते भड़क रही है। जिससे न सिर्फ जंगलों को नुकसान पहुंच रहा है बल्कि दूसरी वनोपज भी नष्ट हो रही है। प्राकृतिक प्रेमियों ने इस तरह के मामलों में वन विभाग से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

